




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 162 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 27 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### लालू बने दादा : तेजस्वी यादव के घर लक्ष्मी का आगमन, मां दुर्गा का मिला आशीर्वाद

**पटना ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के घर नई पीढ़ी का आगमन हो गया है। लालू के बेटे और बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पिता बन गए हैं। 27 मार्च की सुबह तेजस्वी की पत्नी रेचल उर्फराजश्री ने बेटी को जन्म दिया। तेजस्वी के साथ ही परिवार के बाकी सदस्यों ने भी बेटी के आगमन पर खुशियां जाहिर कीं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, लालू को किडनी देकर जान बचाने वाली बेटी रोहिणी आचार्या होली में आने वाली थीं, लेकिन अब अपनी भतीजी के जन्म पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आएंगी। तेजप्रताप यादव ने कहा कि नवरात्र के इस पावन अवसर पर हमारे परिवार में नए सदस्य का आना इस बात का शुभ संकेत है कि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा ने अपना आशीर्वाद दिया है। अब सारी परेशानियां जल्द दूर होगी। मेरे अर्जुन को पुत्री धन प्राप्ति पर ढेरो बधाई।

### 134 दिन बाद कोरोना के सक्रिय मामले दस हजार के पार, संक्रमण दर 3.19 प्रतिशत से ज्यादा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में कोरोना के आंकड़े चौंकाने वाले आ रहे हैं। 134 दिन बाद रविवार को देश में कोरोना के एक्टिव केस दस हजार से अधिक हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, रविवार को देश में 1805 लोग संक्रमित पाए गए हैं। अब मरीजों के बढ़ते ही संक्रमण दर 3.19त्न हो गई है। मतलब डेली पॉजिटिविटी रेट 3.19 फीसदी हो गया है। इसी तरह वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.39 प्रतिशत हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में अब कुल 10 हजार 300 मरीज ऐसे हैं जिनका इलाज चल रहा है। रविवार को 9,433 एक्टिव केस थे।

#### 24 घंटे में छह लोगों ने दम तोड़ा

पिछले 24 घंटे के अंदर देश में छह लोगों ने संक्रमण के चलते दम तोड़ दिया। इसी के साथ संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 5,30,837 हो गया है। चंडीगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 24 घंटे की अवधि में एक-एक की मौत हुई। केरल में दो मौतें दर्ज की गईं।

## एक अप्रैल से शुरू होगी भोपाल से नईदिल्ली के बीच वंदेभारत एक्सप्रेस

■ 708 किमी के सफर में केवल एक स्टॉपेज, 7.45 घंटे में पूरा करेगी सफर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भोपाल।** मप्र के रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली के बीच चलने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस का रैक रविवार शाम को भोपाल पहुंच गया है। इस ट्रेन की उद्घाटन सेवा शनिवार से शुरू होगी। यह सुबह 10 बजे रानी कमलापति स्टेशन से चलेगी और आगरा से वापस लौट जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करने वाले हैं। हालांकि इस कार्यक्रम में बदलाव भी हो सकता है। ट्रेन की नियमित सेवा सोमवार से शुरू होगी। पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों ने इसके लिए जरूरी तैयारियां पूरी कर ली है। रेलवे बोर्ड पहले ही उक्त् ट्रेन की प्रस्तावित समय सारणी जारी कर चुका है।

यह ट्रेन दो अप्रैल से रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 5.55 बजे चलकर दोपहर 1.45 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी औ वहां से दोपहर में 2.45 बजे चलकर रात में 10.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। बीच में केवल आगरा स्टेशन पर पांच मिनट का ठहराव लेगी। यह 708 किलोमीटर का सफर 7.45 घंटे में पूरा करेगी।



अभी शताब्दी एक्सप्रेस इस दूरी को तय करने में ज्यादा समय लेती है। यह ट्रेन शताब्दी से भी तेज गति से चलेगी। चलने के पूर्व अलग-अलग चरणों में ट्रायल होगा। डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय ने रैक मिलने के बाद अधिकारियों के साथ उनका निरीक्षण किया और आगे की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि भोपाल ही नहीं, बल्कि मप्र के यात्रियों के लिए यह बहु प्रतिक्षित ट्रेन है। सबसे पहले वंदे भारत एक्सप्रेस का रैक भोपाल को मिलना था। जिसे नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चलाया गया था। अब जाकर भोपाल को वंदेभारत का रास्ता साफ हुआ है।

## भिलाई के हैंडबॉल खिलाड़ी की हावड़ा में मौत, गुवाहाटी रवाना हुई थी टीम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम के खिलाड़ी की कोलकाता में संदिग्ध परिस्थितयों में मौत की खबर है। 24 मार्च को टीम गुवाहाटी के लिए रवाना हुई थी और हावड़ा में छात्र लापता हो गया। इसके बाद टीम मैनेजमेंट ने परिजनों को उनके बेटे के मिशिंग होने की जानकारी दी और रात में दूसरी ट्रेन से गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए। सूचना मिलने के बाद परिजन आनन फानन में हावड़ा पहुंचे। रविवार को नदी किनारे लाश मिली जिसकी शिनाख्त लापता खिलाड़ी के रूप में हुई। इस पूरे मामले में छत्तीसगढ़ हैंडबाल टीम मैनेजमेंट की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-4 सड़क 5 निवासी बीएसपी कर्मी जावेद खान के बेटे सिरान खान हैंडबॉल खिलाड़ी है। छत्तीसगढ़ हैंडबाल टीम गुवाहाटी में मैच खेलने के लिए 24 मार्च को रवाना हुई थी। इस टीम में



सिरान खान भी शामिल थे। 25 मार्च की सुबह खिलाड़ी हावड़ा पहुंचे और रात को यहां से इनकी गुवाहाटी जाने के लिए दूसरी ट्रेन थी।

उनके साथ जिला हैंडबाल संघ के सचिव व हैंडबाल टीम के कोच सैय्यद इमरान अली और टीम मैनेजर हिमांशु साहू के नेतृत्व में ये टीम रवाना हुई थी। बताया जा रहा है कि 25 मार्च को सैय्यद इमरान अली और हिमांशु साहू सहित सभी खिलाड़ी हावड़ा रेलवे स्टेशन पर उतरे। होटल में खाना खाने के बाद सभी एक साथ नहाने के लिए हुगली नदी पर पहुंचे। नहाने के दौरान ही सिरान लापता हो गया और 26 मार्च को उसकी लाश मिली। चूंकि सिरान के लापता होने की सूचना आरपीएफ के पास थी। इसलिए आरपीएफने हैंडबाल टीम के लोगों को इसकी जानकारी दी। वहां से सिरान के परिवार वालों को बताया गया। जानकारी मिलते ही सिरान के पिता जावेद खान और चाचा फिरोज खान हावड़ा के लिए रवाना हुए। दोनों ने सोमवार को लाश देखकर उसकी पहचान सिरान खान के रूप में की। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को उसकी लाश को लेकर वे भिलाई लौटेंगे। सिरान खान कक्षा 10वीं का छात्र था।

### फोटो देखकर परिजनों ने की शिनाख्त

हुगली नदी के किनारे लाश मिलने के बाद वहां की पुलिस ने उसकी फोटो टीम के पदाधिकारियों के पास भेजी। साथ ही वो फोटो सिरान के परिवार वालों के पास भी भेजी गई। जिस समय लाश मिली, उस समय सिरान के शरीर पर सिर्फ उसका अंडरवियर था। इससे यह बात स्पष्ट हो रहा है कि नहाने के दौरान ही सिरान की डूबने से मौत हुई। बहरहाल इस पूरे मामले में टीम मैनेजमेंट यानी कोच व मैनेजर की बड़ी लापरवाही दिख रही है। खिलाड़ी की मौत के बाद टीम के मैनेजर व कोच पर सवाल उठ रहे हैं। आखिर कोच व मैनेजर ने खिलाड़ी को अकेला कैसे छोड़ दिया। वहीं परजिनों ने भी टीम मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## एनएसयूआई ने रायपुर में किया शवयात्रा निकालकर प्रदर्शन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** एनएसयूआई ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने को लेकर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस कड़ी में रायपुर सांसद सुनील सोनी के निवास का घेराव किया। रायपुर जिला एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शव यात्रा महात्मा गांधी के वेशभूषा में रहकर निकाला।

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने पीएम पर आरोप लगाते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार लोकतंत्र का गलाघोटकर उसकी हत्या करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे नार्थ कोरिया के शासक अपना तानाशाह सरकार चला रहे हैं, वैसे ही तानाशाह सरकार नरेंद्र मोदी चला रहे हैं।

गोस्वामी ने कहा की जब तक हमारे नेता राहुल गांधी की सदस्यता बहाल नहीं की जाती। रायपुर जिला एनएसयूआई निरंतर विभिन्न तरीकों से प्रदर्शन करते रहेंगे। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से एनएसयूआई प्रभारी महामंत्री संगठन हेमंत पाल, शिवांक सिंह राजपूत, प्रशांत चंद्राकर, दिव्यांश श्रीवास्तव, संदीप विश्वकर्मा, सूरज पटेल, अमन, रजत के साथ साथ एनएसयुआई के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## उद्धव ठाकरे की राहुल को चेतावनी : बोले- सावरकर हमारे भगवान, उनका अपमान बर्दाश्त नहीं, नहीं माने तो हो जाएंगे अलग

**मुंबई ( एजेंसी )।** उद्धव ठाकरे ने रविवार को मालेगांव में एक कार्यक्रम के दौरान सावरकर पर राहुल के दिए जा रहे बयानों पर नाराजगी जताई है। उद्धव ने राहुल को चेतावनी देते हुए कहा- सावरकर हमारे भगवान हैं और हम उनका अपमान नहीं सहेंगे। सावरकर को नीचा दिखाने से विपक्षी गठबंधन में दरार पैदा होगी। सावरकर मेरे आदर्श हैं, इसलिए राहुल गांधी उनका अपमान करने से बचें।

उद्धव ने कहा, 'सावरकर ने 14 साल तक अंडमान सेलुलर जेल में यातनाएं झेलीं। हम केवल पीड़ाओं को पढ़ सकते हैं। यह बलिदान का ही एक रूप है। हम सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर राहुल गांधी सावरकर की निंदा करना नहीं छोड़ते हैं तो गठबंधन में दरार आएगी।

उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने राहुल



गांधी के बयान पर कहा- गलत बयान है। वे गांधी जरूर हैं, लेकिन उन्हें सावरकर का नाम घसीटने की जरूरत नहीं है। सावरकर हमारी प्रेरणा हैं। महाराष्ट्र में चल रही हमारी लड़ाई के पीछे छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर सावरकर ही प्रेरणा हैं। मैं इस मुद्दे पर खुद राहुल से दिल्ली में आमने-सामने बैठकर बात करूंगा।

### उद्धव ने कहा था- वीर सावरकर हमारे भगवान

उद्धव ने रैली के दौरान कहा था, 'उद्धव गुट, कांग्रेस और एनसीपी का गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए बना था और हमें एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। राहुल गांधी को जानबूझकर उकसाया जा रहा है, लेकिन अगर हम इसमें समय बर्बाद करते हैं, तो लोकतंत्र का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

### राहुल के मोदी पर उठाए सवाल की तारीफकी

हालांकि उद्धव ठाकरे ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर राहुल गांधी के सरकार से पूछे गए सवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए था कि अडाणी फर्म में 20,000 करोड़ कहां से आए थे। क्करू मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर भाजपा के तर्क पर ठाकरे ने कहा, मोदी भारत नहीं हैं। क्या हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने इसके लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी? मोदी पर सवाल उठाना भारत का अपमान करने के बारे में नहीं है।

### राहुल ने कहा था- सावरकर नहीं गांधी हूं...

उद्धव राहुल गांधी के उस बयान का जिक्र कर रहे थे जहां उन्होंने कहा था कि वह सावरकर नहीं गांधी हैं। मानहानि के मामले में सजा के बाद सांसद के रूप में अपनी अयोग्यता के बाद शनिवार को मीडिया से राहुल ने कहा था, मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी किसी से माफी नहीं मांगते।

## बीजापुर में नक्सलियों का हमला, प्रेशर आइईडी की चपेट में आने से सीएएफ जवान शहीद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों के लगाए प्रेशर आइईडी की चपेट में आने से सीएएफ का एक जवान बलिदान हो गया। बलिदानी जवान का नाम एपीसी (असिस्टेंट प्लाटून कमांडर) विजय यादव है। मिली जानकारी के अनुसार जवान सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा देने के लिए तीमेनार कैंप से निकले थे। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने इस घटना की जानकारी दी है।

दरअसल, यह मिरतुर थानाक्षेत्र का मामला है। बताया जा रहा है कि आइईडी ब्लास्ट एटेपाल कैंप से एक किमी की दूरी पर टेकरी में हुआ। शहीद जवान के पार्थिव शरीर को भैरमगढ़ थाने में गार्ड आफ आनर दिया जाएगा। बलिदानी जवान उत्तरप्रदेश के बलिया जिले के राजपुर गांव का निवासी है।

### मुख्यमंत्री ने घटना पर जताया गहरा दुःख



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में प्रेशर आईईडी की चपेट में आने पर छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के असिस्टेंट प्लाटून कमांडर विजय यादव की शहादत पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने इस घटना को दु:खद बताते हुए नक्सलियों की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा की है। छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स की एक टीम आज सुबह मिरतुर थाना क्षेत्र में एरिया डामिनेशन के लिए निकली थी। मुख्यमंत्री ने शहीद विजय के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## क्या आदिवासी भी हिन्दू हैं?

श्रीकंचनपथ




क्या आदिवासी भी हिन्दू हैं? इसका जवाब हां भी है और नहीं भी। हिन्दुत्व की सार्वभौम परिभाषा में आदिवासी ही क्यों, सभी धर्म के लोग हिन्दू है। इस हिन्दुत्व की परिभाषा वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित है। इसमें मनुष्य स्वयं प्रकृति का हिस्सा है और उसके साथ तालमेल बैठाकर जीवनयापन करता है। पर हिन्दुत्व की जो नई परिभाषाएं समय-समय पर गढ़ी जाती रही हैं, उसके साथ हो सकता है आदिवासी समुदाय तालमेल न बैठा पा रहा हो। हिन्दुत्व की राक्षसी परिभाषाएं गढ़ने वाले धरती पर से उन लोगों का सफाया करना चाहता है जो उनकी सोच को साझा नहीं करते। हिन्दुत्व की नई परिभाषाएं गढ़ने वाले आदिवासी संस्कृति पर हमला करते हैं। उनके पूजा-पाठ में, उनकी जीवन पद्धति में विघ्न डालते हैं। सनातन में धर्म की परिभाषा अलग रही है। सनातन में राजा के धर्म को राजधर्म कहा गया है। उसके कर्तव्यों तथा उससे अपेक्षाओं की व्याख्या की गई है। जिस भी राजा ने प्रजा की चिंता की, न्याय के सर्वोच्च सिद्धांतों का पालन किया, वो अमर हो गए। पर जब से हिन्दुत्व का इस्तेमाल राजनीतिक ध्रुवीकरण के लिए प्रारंभ हुआ, हिन्दुत्व का यह गुण जाता रहा। राज धर्म, प्रजा धर्म, मनुष्यता, सबकुछ हाशिए पर चली गई। इसलिए जब छत्तीसगढ़ के आदिवासी नेता कवासी लखमा कहते हैं कि आदिवासी अपने अलग धर्म कोड की मांग करेंगे तो उसी गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

आदिवासी समुदाय के एक हिस्से का मानना है कि उन्हें भी जैन या बौद्धों की तरह अलग धर्म कोड की पहचान मिलनी चाहिए। यह कोड उन्हें उनकी उपासना पद्धति की आजादी देगा। उनके खान-पान या जीवन यापन की शैलियों पर उंगली नहीं उठाई जा सकेगी, उसमें व्यवधान डालने वालों के खिलाफन्यायिक कार्यवाही की जा सकेगी। दरअसल, भारत देश अपनी विविधताओं के लिए ही जाना जाता है। यही एकमात्र ऐसा देश है जिसके बारे में हाल के वर्षों तक कहा जाता रहा है कि यह अनेकता में एकता और एकता में अनेकता का जीवंत उदाहरण है। इस एकता को किसी नेता या किसी संत-महात्मा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। यह सहचर्य पर आधारित है। मनुष्य अपने आसपास रहने वाले पेड़-पौधे और पशु-पक्षियों के साथ भी जीवन को साझा करता है। ये सभी उसके जीवन का हिस्सा हैं फिर किसी पंथ विशेष को मानने वाला अलग कैसे हो सकता है? जो सबको साथ लेकर चल सकता है, वही हिन्दू है। जो इस दायरे की परिधि तय करना चाहता है, वह लाख प्रमाण लेकर आए, हिन्दू नहीं हो सकता. पंथ के झगड़े बहुत बाद में शुरू हुए हैं। पंथों का जन्म अलग-अलग स्थान-काल-परिस्थितियों में हुआ। सम्राट अशोक का जन्म भारत में ही हुआ, उन्होंने भारत में ही लड़ाइयां लड़ीं और भारत भूमि पर ही उनका मन बदला और वे बौद्ध धर्म के सबसे बड़े प्रचारक बन गए। नया पंथ ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी जीवन पद्धति बदल डाली। यह सब समय सापेक्ष है इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।




## संपादकीय

### हमारा चंद्रयान

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पृथ्वी की एक तस्वीर जारी की है, जिसमें भारत रात के वक्त भी खूब चमक रहा है। यह चमक ऐसी है, मानो अंतरिक्ष से कोई भी देखे, तो आकर्षित हो जाए। अंतरिक्ष शुरू से ही जिज्ञासा और अनुसंधान का केंद्र रहा है। मगर एक तथ्य यह भी है कि भारत का अंतरिक्ष अभियान अभी समय से कम से कम दस साल पीछे चल रहा है। ऐसे में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ की ताजा घोषणाएं किसी खुशखबरी से कम नहीं हैं। पहली घोषणा यह है कि भारत का तीसरा चंद्र मिशन चंद्रयान-3 पूरी तरह से तैयार है और संभवत इस साल के मध्य तक लॉन्च कर दिया जाएगा। इसरो प्रमुख ने अहमदाबाद में आयोजित चौथे भारतीय ग्रह विज्ञान सम्मेलन में यह घोषणा की है। अंतरिक्ष और ग्रहों की खोज के लिए भारतीय क्षमता आज एक जरूरी विषय है, जिस पर सभी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को पूरे मनोयोग से काम करना चाहिए। पिछले महीने से ही यह संकेत मिलने लगे थे कि चंद्रयान-3 पूरी तरह से तैयार है। लगातार परीक्षणों के बाद वैज्ञानिकों में यह विश्वास पैदा हुआ है कि चंद्र अभियान में इस बार कोई कमी नहीं रहेगी।

> “चंद्र अभियान के मामले में विगत दिनों में अमेरिका, जापान, चीन के अंतरिक्ष केंद्र कहीं बेहतर काम कर रहे हैं। चीन तो सबसे ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रहा है। उसने अमेरिकी तकनीक से काफी कुछ सीखा है। भारत को भी मित्र देशों के साथ मिलकर अंतरिक्ष अभियान को तेज करना चाहिए। जापान के साथ भारत सहयोग करके चल सकता है। अमेरिका से भी हम सहयोग ले सकते हैं। अमेरिका चांद पर इंसानों को उतारने के अभियान में बहुत आगे बढ़ गया है, वहां अब अंतरिक्ष यात्रियों के नाम की घोषणा का इंतजार है।

दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा भारत के पहले सौर अभियान को लेकर है। आदित्य-एल1 भारत का पहला सौर अभियान है, इसे भी इसी साल के मध्य तक लॉन्च किया जाएगा। यह सूर्य को करीब से देखने की एक कोशिश है और अगर यह अभियान सफल रहा, तो भारत अंतरिक्ष विज्ञान में अलग श्रेणी के देशों में शामिल हो जाएगा। भारतीय वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि दुनिया के अन्य वैज्ञानिक भी इस सौर अभियान के नतीजों का इंतजार करेंगे। डॉक्टर सोमनाथ ने विश्वास जताया है कि हम इस अभियान को बड़ी सफलता दिलाएंगे। बहरहाल, सौर अभियान से ज्यादा महत्वपूर्ण हमारे लिए चंद्र अभियान है। चंद्रयान-1 पूरी तरह सफल रहा था, लेकिन चंद्रयान-2 की विफलता ने हमें एक तरह से पीछे धकेल दिया और अब चंद्रयान-3 की सफलता हर हाल में सुनिश्चित रहने में ही देशहित है। ऐसे अभियान जब सफल होते हैं, तब दुनिया में मजबूती का संदेश जाता है और जब नाकाम होते हैं, तब प्रतिकूल देशों को हंसने का मौका मिलता है। ऐसा चंद्रयान-2 के समय हुआ था। इसमें कोई संदेह नहीं कि वैज्ञानिकों को पूरी चुनौती स्वीकार करते हुए अंतरिक्ष अभियान को तेज करना चाहिए। यहां दूसरे देशों से प्रतिस्पर्द्धा का भाव जरूरी है। गौर करने की बात है कि जब से अंतरिक्ष में रूस और अमेरिका की होड़ खत्म हुई है, तब से कोई इंसान चांद पर नहीं गया है।

इसरो के अनुसार, चंद्रयान-3 की संरचना चंद्रयान-2 की तरह ही होगी। यह ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर से लैस होगा। हालांकि, इस यान पर पिछले यान की तुलना में कम भार होगा। यहां प्राथमिक उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा की कक्षा में ले जाना और उसे वहां सतह पर सुरक्षित उतारना होगा। चंद्र अभियान के मामले में विगत दिनों में अमेरिका, जापान, चीन के अंतरिक्ष केंद्र कहीं बेहतर काम कर रहे हैं। चीन तो सबसे ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रहा है। उसने अमेरिकी तकनीक से काफी कुछ सीखा है। भारत को भी मित्र देशों के साथ मिलकर अंतरिक्ष अभियान को तेज करना चाहिए। जापान के साथ भारत सहयोग करके चल सकता है। अमेरिका से भी हम सहयोग ले सकते हैं। अमेरिका चांद पर इंसानों को उतारने के अभियान में बहुत आगे बढ़ गया है, वहां अब अंतरिक्ष यात्रियों के नाम की घोषणा का इंतजार है।

> “कभी प्रति व्यक्ति आय के मामले में पंजाब का पहला नंबर होता था, अब इस फेहरिस्त में वह 16वें स्थान पर है। ये पंजाब के आर्थिक हालात ही हैं, जो यहां फिर पांव पसारने की कोशिश में लगे चरमपंथ को लेकर चिंताएं बढ़ा रहे हैं। बेशक, जो चरमपंथ सामने दिख रहा है, उसके कारण आर्थिक नहीं, राजनीतिक हैं, पर पंजाब इस समय उस मोड़ पर खड़ा है, जहां राजनीतिक संकट की मुलाकात आर्थिक संकट से हो रही है।

# तरक्की में पिछड़ते पंजाब की उलझनें

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

यह बात साल 1842 के बाद की है। महाराजा रणजीत सिंह के बाद जब पंजाब पर भी ईस्ट इंडिया कंपनी का कब्जा हो गया, तब कंपनी ने बागडोर दो नौजवान आयरिश भाइयों- हेनरी और जॉन लॉरेंस को सौंपी। हेनरी लॉरेंस सैनिक अधिकारी थे, जबकि जॉन आईसीएस थे। हमेशा आम लोगों के बीच रहने वाले दोनों भाइयों ने थोड़े ही समय में वहां खासी लोकप्रियता हासिल कर ली। उस समय के पंजाब में खतरे बहुत थे और कंपनी चाहती थी कि आशंकाओं को सिरे से खत्म कर दिया जाए। लॉर्ड डलहौजी का आदेश आया कि आम लोगों के सारे हथियार जब्त कर लिए जाएं। जल्द ही आदेश लागू भी हो गया कि लोग अपने-अपने हथियार जमा करवा दें। पानीपत से लेकर पेशावर तक स्थानीय चौकियों में लोगों ने अपने हथियार जमा करवा दिए। बाद में जब गिनती हुई, तो उनकी संख्या लाखों में थी। इनमें तोपें भी थीं, तरह-तरह की बंदूकें भी और वे तीर-कमान भी, जो कभी सिकंदर और पोरस की लड़ाई में इस्तेमाल हुए थे।

हेनरी लॉरेंस को पता था कि जंग लड़ने वाले हाथ लंबे समय तक खाली होकर भी खतरनाक हो सकते हैं, सो उन्होंने लोगों को खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। जंग के मैदान में हथियार चलाने वाले हाथों ने जब खेतों में पहुंचकर हल पकड़े, तो क्रांति ही हो गई। रिकॉर्ड बताते हैं कि उस साल रबी की फसल इतनी ज्यादा हुई कि मंडियों में अनाज के भाव टूट गए। किसानों को भले ही बहुत फायदा न हुआ हो, लेकिन पूरे देश को अकाल से जरूर मुक्ति मिल गई। फिर, पंजाब में शांतिकाल भी शुरू हो गया। अपनी प्रशासनिक कुशलता का उदाहरण देते हुए हेनरी लॉरेंस ने एक बात और स्थापित कर दी कि अमन और शांति का रास्ता लोगों को जीवन-यापन के सम्मानजनक अवसर देकर ही निकल सकता है।



हेनरी लॉरेंस ने जो बात 19वीं सदी के पूर्वार्द्ध में स्थापित कर दी थी, काश, उसे पंजाब की राजनीति ने 20वीं सदी के आखिरी दशक में समझ लिया होता, तो शायद आज के पंजाब में वे आशंकाएं न होतीं, जो इस समय पूरे देश को सिहरन दे रही हैं।

अस्सी के दशक में पंजाब में शुरू हुआ चरमपंथ जिस तरह छोटी-छोटी घटनाओं से शुरू होकर एक बड़े तूफान में बदल गया था, उसकी कहानियां आज भी लोगों की जुबान पर हैं। हां, इस बीच पंजाब ही नहीं, पूरे देश में एक नई पीढ़ी जरूर आ गई है, जो उस पागलपन से भी अनजान है और उसके अंजाम से भी। यह वह दौर था, जब हरित क्रांति से मिली संपन्नता अपने उतार पर थी। गांव-गांव की आर्थिक खुशहाली का वह समय धीरे-धीरे अपनी चमक खोने लगा था, जिसके बारे में बहुत से विशेषज्ञों ने यह तक कहना शुरू कर दिया था कि पंजाब अब तीसरी दुनिया का हिस्सा नहीं रहा। चरमपंथ का वह खतरनाक दौर तकरीबन एक दशक तक चला और हजारों बेगुनाहों की जान लेने के बाद खत्म हो गया।

वह बुरा समय क्यों शुरू हुआ और कैसे खत्म हो गया, इसको लेकर हर तरह के लोगों ने कई तरह की बातें कही और लिखी हैं। इस पर बहुत सारे सिद्धांत बघारे गए हैं, कई किंवदंतियां और जनश्रुतियां भी हैं। जब यह समस्या खत्म हुई, तो वह पूरे देश के लिए राहत की सांस लेने का वक्त था, लेकिन प्रदेश व देश के नीति-नियामकों के लिए यही बहुत कुछ करने का वक्त था। और यही सब नहीं किया गया। यहां तक कि बाद के दौर में पूरे देश में जो बदलाव हुए, उसकी हवा तक पंजाब के पास नहीं फटकी।

उस दौर के बाद से अब तक देश में दो बड़े आर्थिक बदलाव हुए। सबसे पहले तो सूचना तकनीक पर आधारित उद्योगों का दौर चला। पंजाब तब आतंककाल से मुक्त होकर खुद को संभाल रहा था। ऐसे उद्योगों ने कभी पंजाब का रुख नहीं किया। अगर आप 50 साल पहले के पटियाला, लुधियाना या जालंधर से तुलना करें, तो कर्नाटक का बेंगलुरु बहुत छोटा और गुमनाम-सा शहर था। मगर अब पंजाब के ये शहर बेंगलुरु के सामने छोटे कस्बे की तरह दिखेंगे। इन शहरों के सामने हरियाणा के गुरुग्राम की तो कोई गिनती ही नहीं थी, लेकिन आईटी उद्योग ने इस समीकरण को पूरी तरह से पलट दिया है।

इसके बाद उदारीकरण का दौर शुरू हुआ, तो कई राज्यों में बहुत सा निवेश हुआ। बहुत सारे उद्योग भी लगे, लेकिन किसी ने पंजाब का रुख नहीं किया। बावजूद इसके कि बहुत सारे राज्यों के मुकाबले पंजाब में विद्युत संकट जैसी कोई चीज नहीं थी। लुधियाना कभी रेडीमेड कपड़ों के उत्पादन का काफी बड़ा केंद्र होता था। इसी बीच रेडीमेड उद्योग के नक्शे पर तमिलनाडु का तिरुपुर उभरा और लुधियाना बहुत पीछे छूट गया। इसी लुधियाना में बनी साइकिलें कभी पूरे देश की सड़कों पर चलती थीं। साइकिल का दौर खत्म हो गया और जिन उद्योगपतियों ने साइकिल से ध्यान हटाकर स्कूटर और मोटरबाइक में हाथ आजमाया, उन्होंने भी इस काम के लिए पंजाब से दूर जाने में ही अपनी भलाई समझी।

आतंकवाद के दौर में जो उद्योग पंजाब से बाहर चले गए थे, वे कभी नहीं लौटे। आतंकवाद पूरी तरह खत्म होने के बाद भी नहीं। इतना ही नहीं, यह दौर खत्म होने के बाद भी पंजाब से उद्योगों का बाहर जाना जारी रहा। अर्थशास्त्री कहने लगे कि जब बाकी देश में 'इंडस्ट्रलाइजेशन' हो रहा है, तब पंजाब में 'डी-इंडस्ट्रलाइजेशन' हो रहा है। इसकी वजह से उपज रही हताशा पंजाब के नौजवानों को या तो बाहर जाने पर मजबूर कर रही है या नशे में धकेल रही है। जब पूरा देश सात फीसदी की विकास दर से आगे बढ़ रहा है, पंजाब दो फीसदी औसत विकास दर वाले कृषि क्षेत्र पर निर्भर रहने के लिए अभिशप्त है। कभी प्रति व्यक्ति आय के मामले में पंजाब का पहला नंबर होता था, अब इस फेहरिस्त में वह 16वें स्थान पर है। ये पंजाब के आर्थिक हालात ही हैं, जो यहां फिर पांव पसारने की कोशिश में लगे चरमपंथ को लेकर चिंताएं बढ़ा रहे हैं। बेशक, जो चरमपंथ सामने दिख रहा है, उसके कारण आर्थिक नहीं, राजनीतिक हैं, पर पंजाब इस समय उस मोड़ पर खड़ा है, जहां राजनीतिक संकट की मुलाकात आर्थिक संकट से हो रही है।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# उद्यमिता और नैतिकता को अगर हम संस्कृति बना लें

नेंदितेश निलय, जीवन मूल्य प्रशिक्षक

यह वाकया 1973 का है, जब बांग्लादेश अकाल से जूझ रहा था। लोग इसलिए नहीं मर रहे थे कि वे किसी और की रोटी छीन नहीं पा रहे थे, बल्कि इसलिए कि उनकी थाली खाली थी। यही खालीपन उस शख्स को भी घेरे हुए था, जिसे आज 'फादर ऑफ माइक्रो फाइनेंस' कहा जाता है। जी हां, हम जिक्र कर रहे हैं मोहम्मद यूनुस का, जिन्हें उद्यमशीलता के लिए 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर थे। नौकरी छोड़ वह उद्यमी बन बैठे और जोहरा गांव को ही अपनी कार्यशाला बना लिया। माइक्रो फाइनेंस और ग्रामीण बैंक की शुरुआत की। लोग अपने पैरों पर खड़े हों और आत्मनिर्भर बनें, यही उद्यमशीलता की संस्कृति है। वह उसी जीवन मूल्य से प्रभावित हो रही थी, जिसकी चर्चा करते हुए स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि सिर्फ बुद्धि से दुनिया नहीं बनती, बल्कि दया और प्रेम से बनती है।

अगर हम भारत के संदर्भ में, और खासकर उत्तर भारत के कुछ राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश को देखें, तो यह पाएंगे कि इन राज्यों में बेरोजगारी और गरीबी की समस्या शुरू से रही है और सिर्फ सरकार इस समस्या को दूर नहीं कर सकती। उत्तर भारत भी दक्षिण भारत की तरह एक सिलिकॉन वैली बन जाए और जिस तरह से ग्रेटर नोएडा व राजगीर जैसे उत्तर भारत के शहरों में तकनीक और पर्यटन से बदलाव नजर आ रहा है, यह उद्यमशीलता के लिए शुभ संकेत है। बिहार में सामाजिक उद्यमिता को लेकर शोध पत्र 'समृद्धि अ केस ऑफ इंटीग्रेटेड सोशल एंट्रप्रेनरशिप इन बिहार' में संपन्नता को एक सामाजिक उद्यम के रूप में परखा गया है। बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे स्वरोजगार के सुनहरे अवसर पैदा करने के लिए पर्याप्त जगह मिले, जिससे वहां के लोगों की जीवन-शैली को समृद्ध और बेहतर बनाया जा सके?



अगर हम देश के स्तर पर देखें, तो स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और स्टार्टअप इंडिया, दो सबसे बड़ी सरकारी योजनाएं हैं। अन्य योजनाओं में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंडअप इंडिया स्कीम और वेंचर कैपिटल असिस्टेंस स्कीम शामिल हैं। सरकारों ने बहुत प्रयास किए हैं, पर हमें मानना चाहिए कि पिछड़े इलाकों में उद्यमशीलता की संस्कृति को हम सब अपनी जीवन-शैली का हिस्सा नहीं बना पाए हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। आजादी के बाद श्रम निम्न वर्ग के हिस्से आया और उच्च मध्य वर्ग ने सुरक्षित नौकरी को सुरक्षा कवच बना लिया। उत्तर भारत की मानसिकता में अभी भी नौकरी ही सादर स्वीकार्य है। यहीं से सिर्फ अपने लिए सोचना हमने सीखा है। उद्यमशीलता हमें सभी के बारे में सोचने को मजबूर करती है। यह हमसे संवेदना व नेतृत्व की आशा करती है, पर हम तो उससे दूर रहे हैं।

उद्यमशील व्यक्ति सिर्फ नौकरी नहीं देता, सरकारों के लिए एक मजबूत पुल भी बनता है। वह पुल तभी मजबूत रहता है, जब राजनीति समाज के हर व्यक्ति को साथ लेकर चले। बिहार तो सत्याग्रह की भूमि है और प्रथम विद्रोह की भी, पर यहां एक बड़ा तबका जहां सरकारी नौकरी की ओर मुड़ा, वहीं गरीब तबका दूसरे राज्यों में मजदूरी के लिए चल पड़ा। यह पलायन सामाजिक व्यवहार का हिस्सा बन गया। आज इन क्षेत्रों में क्या गांधीजी का दृष्टिकोण कारगर नहीं हो सकता? क्या हम यहां स्वास्थ्य और शिक्षा को उच्च प्राथमिकता नहीं दे सकते? हमें सीखना चाहिए, कभी खूब लड़ने-भिड़ने वाले जापान ने कैसे नैतिकता और उद्यमशीलता को संस्कृति का हिस्सा बना दिया। अब भारत के पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए स्थानीय योग्य लोगों को आगे आना होगा।

एक सच्ची कथा मुझे याद आ रही है। एक डॉक्टर अपने परिवार के साथ अमेरिका में सुख से रहते थे। उन्हें जन्मदिन पर पिता के पत्र का इंतजार रहता था। एक बार पत्र आया, पिता चाहते थे कि बेटा देश-समाज के प्रति कर्तव्य समझे और वापस भारत आए। उस डॉक्टर ने अपने विदाई भाषण में कहा, जो हिन्दुस्तान में पला-बढ़ा है, वही समझ सकता है कि पिता की इच्छा और उनका आदेश एक पुत्र के लिए क्या होता है। वह डॉक्टर अपोलो हॉस्पिटल के संस्थापक प्रताप सी रेड्डी हैं, जिनका भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को बदलने में बड़ा योगदान है। हम यदि जरूरत समझ लें, तो बदलाव तय है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## हंसो हंसो खूब हंसो

मुहावरे यूं ही नहीं बनते, वे जनमानस के प्रतिनिधि होते हैं। हंसना लगभग सभी समाजों में अशिष्टता का प्रतीक रहा है। मगर डॉक्टर डेविड सोबेल का मानना है 'भरपूर हास्य, अच्छा स्वास्थ्य।'

लोग इतने गंभीर हो गए हैं कि हंसते हैं तो ऐसे, जैसे किसी का कर्ज चुका रहे हों। इस तरह की हंसी से हास्य के सारे लाभ नहीं मिल सकते। हंसना एक नगद निवेश है। डॉक्टरों की खोज है कि खिलखिलाकर हंसना, ठहाके मारना, लोट-पोट होना इत्यादि क्रियाएं स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायी हैं। आधुनिक विज्ञान यह भी कहता है कि अकारण हंसना आरोग्य की कुंजी है। अगर लोगों के बीच का फासला कम करना हो, तो दिल खोलकर हंसिए। हंसने की शुरुआत मन से होती है, मन में तरंगें उठनी शुरू होती हैं और फिर वे पूरे शरीर में फैल जाती हैं।

हास्य एक आंतरिक जॉगिंग है। दिलदार हंसी आपके चेहरे के स्नायुओं, श्वास के परदे और पेट को बेहतरीन व्यायाम कराती हैं। इससे दिल की धड़कन और रक्तचाप क्षणिक रूप से बढ़ता है, सांस तेज और गहरी होती है और आपके खून में प्राण वायु दौड़ने लगती है। एक भरपूर हंसी आपकी उतनी कैलोरी जला सकती है, जितनी तेज-तेज चलने से 'बर्न' होती है। हंसी के दौरान आपका मस्तिष्क इतने हॉर्मोन्स छोड़ता है कि उससे आपकी सजगता शिखर पर आ जाती है। डॉक्टर यह भी कहते हैं कि आप सात दिन तक बिल्कुल न हंसे, तो कमजोर हो जाएंगे और बीमारियों को न्योता दे बैठेंगे।

लेकिन क्या आपने कभी गौर किया कि हंसने पर कितने सांस्कृतिक बंधन लगे हुए हैं? सदियों से प्रचलित इन मुहावरों को जरा देखें- यह कोई हंसी-मजाक नहीं है, लोग हंसी उड़ाएंगे, दांत मत निपोरो, क्या खी-खी कर रहे हो? मुहावरे यूं ही नहीं बनते, वे जनमानस के प्रतिनिधि होते हैं। हंसना लगभग सभी समाजों में अशिष्टता का प्रतीक रहा है। अमेरिकी डॉक्टर डेविड सोबेल ने एक लेख लिखा है 'भरपूर हास्य, अच्छा स्वास्थ्य।' डॉ सोबेल 'इंस्टीट्यूट फॉर दि स्टडी ऑफ ह्यूमन नॉलेज' से जुड़े हैं। मानव स्वास्थ्य से जुड़े उनके अध्ययन के निष्कर्ष यही दिखा रहे हैं कि हास्य में इंसान को स्वस्थ रखने की अद्भुत क्षमता है और ध्यान में डूबोने की भी।

हंसी मनुष्य के आतंरिक रसायनों में बदलाव लाती है। यह प्रतिभा को प्रभावित करती है, बल्कि आप ज्यादा बुद्धिमान बनते हैं। मन के जो हिस्से सोये-शिथिल पड़े होते हैं, हंसी से अनायास जाग उठते हैं। दरअसल, यह आपके दिलो-दिमाग की गहराइयों में प्रवेश करती है। खूब हंसने वाले लोग आत्महत्या नहीं करते, उन्हें दिल के दौरे नहीं पड़ते। हंसी में इतनी ऊर्जा का विस्फोट होता है कि इसके रुकते ही मन थम जाता है। जैसे-जैसे हंसी गहरे उतरने लगती है, उतनी ही घनी शांति छाने लगती है। हंसी आपको निर्मल कर देती है। अतीत के कूड़े-कचरे को झाड़कर यह आपको ज्यादा ऊर्जावान, जीवंत और सृजनशील बनाती है।

**अमृत साधना**

# डब्ल्यूपीएल-2023 : दनादन रन झमाझम धन

संदीप भूषण

वर्ष 1976 में पहला टेस्ट मैच खेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भारतीय क्रिकेट बोर्ड का हिस्सा बनने में तीन दशक का समय लगा और 2006 के करीब भारतीय महिला क्रिकेट संघ का बीसीसीआई में विलय हुआ।

हालांकि, खेल में महिलाओं की दावेदारी 2016 के रियो ओलंपिक और 2018 के क्रिकेट विश्व कप प्रदशर्न ने और मजबूत कर दी। बदलाव की यही जो नींव पड़ी आज महिला प्रीमियर लीग के रूप में बेहतर मुकाम पाने की तरफ बढ़ रही है। छब्बीस मार्च को जिस भी टीम की जीत हो, महिला क्रिकेट इतिहास के लिए यह स्वर्णिम दिन होगा। इस प्रीमियर लीग ने जहां एक तरफ पुरु ष का खेल माने जाने वाले क्रिकेट में महिलाओं की जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कराई है, वहीं आर्थिक मोर्चे पर भी कई सफलताएं हासिल कर ली हैं। लीग के पहले सत्र में ही मीडिया अधिकार पाने की होड़ लगी हुई थी। अंत में रिलायंस के अधिकार वाले बायोकॉम ने 951 करोड़ की बोली लगाकर पांच वर्ष के लिए इसे हासिल किया और प्रति मैच 7.09 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई।

यह पहली कामयाबी थी, जिससे समझना आसान हो गया कि क्रिकेट में महिलाएं भी पुरु षों के बराबर पर खड़ी हो सकती हैं। पुरु ष आईपीएल की शुरु आत में 2008 में सोनी ने मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए (2008-17) 8,200 करोड़ रु पये का भुगतान किया था। बाद में जब डिज्नी-स्टार ने मीडिया अधिकार हासिल किए तो 2018 से 2022 के बीच उसका मूल्य दोगुना बढ़कर 16,347.5 करोड़ रु पये यानी प्रति मैच 55 करोड़ रु पये हो गया। यह महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले भले ही कम हो, लेकिन शुरु आत बेहतर होने से आगामी सत्रों के लिए उम्मीद तो बढ़ी ही है। प्रायोजकों ने भी महिला प्रीमियर लीग को हाथों-हाथ लिया है। साफ है कि बीते 15 वर्षों में ब्रांडों के लिए आईपीएल के साथ जुड़ना प्राथमिकता रही है।

सभी बड़े ब्रांड अपने टारगेट ऑडियंस तक पहुंचने के लिए इसे सबसे सटीक माध्यम मानते हैं।

चूंकि क्रिकेट में पुरुषों का बोलबाला था, पुरुष को ध्यान में रखकर प्रोडक्ट का प्रचार उनकी मजबूरी बन गई थी। अब महिला प्रीमियर लीग ने उनके लिए नया मंच मुहैया कराया है, जहां वे महिलाओं से जुड़े प्रोडक्ट का भी प्रचार-प्रसार कर पाएंगे। महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने वाले कई ब्रांड या तो महिला टीमों के माध्यम से या फिर ब्रॉडकास्टर के माध्यम से टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं। आज हम सौंदर्य प्रसाधन से लेकर आभूषण और यहां तक कि साड़ी के ब्रांड तक क्रिकेटरों को ब्रांड एम्बेसडर बना रहे हैं। तनिष्क, वेगा ब्यूटी, हिमालय फेस केयर आदि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रमुख प्रायोजकों शामिल हैं, और नवासा व जॉय पर्सनल केयर दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख प्रायोजक हैं। लोटस हर्बल्स मुंबई इंडियंस का प्रमुख भागीदार है। इससे साफ हो जाता है कि महिला प्रीमियर लीग ने आगामी क्रिकेटरों के लिए भविष्य के राह खोल दिए हैं। महिला खिलाड़ियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें भी खूब मेहनत कर रही हैं।

जमीनी स्तर की प्रतिभा को निखारने के लिए खेलों इंडिया जैसे आयोजन हो रहे हैं, तो इंफ्रास्ट्रक्टर के मोर्चे पर भी खूब खर्च किया जा रहा है। हॉकी और एथलेटिक्स में कॅरियर बनाने की चाह रखने वाली महिला खिलाड़ियों के लिए ओड़िशा सबसे माकूल जगह बनकर उभरा है। हरियाणा कुश्ती का हॉटस्पॉट बन गया है तो यूपी उत्तर भारत में बैडमिंटन और एथलेटिक्स के साथ क्रिकेट खिलाड़ियों की फौज तैयार कर रहा है, तो झारखंड तीरंदाजी, बिहार और हिमाचल रग्बी आदि के खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। हैदराबाद बैडमिंटन में सिरमौर है तो नॉर्थ-ईस्ट मुक्केबाज तैयार कर रहा है। उत्तर प्रदेश में महिला खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार पूरे प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को तलाशने की योजना पर काम कर रही है। सरकार इसके तहत शॉर्टलिस्ट की गई महिला एथलीटों को 5 लाख रु पये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

## कम्युनिस्टों की गिरफ्तारियां

पश्चिमी बंगाल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया है। पार्टी के गैरकानूनी घोषित होते ही पुलिस ने पूरे प्रांत में लगभग एक सौ स्थानों की तलाशी ली। इनमें कम्युनिस्ट पार्टी का कलकत्ता कार्यालय, किसान सभा और कम्युनिस्ट दैनिक 'स्वाधीनता' के दफ्तर तथा प्रमुख कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओं के मकान भी शामिल हैं। लगभग 60 कम्युनिस्ट कायकर्ता गिरफ्तार कर लिए गए हैं, जिनमें श्री अब्दुल रजाक खां, श्री विश्वनाथ मुखर्जी, श्रीमती गीता मुखर्जी, कुमारी मणी कुन्तल सेन, सुप्रसिद्ध किसान नेता श्रीगोपाल हल्दर और श्री पंच गोपाल बहादुर भी शामिल हैं। पुलिस ने कम्युनिस्ट दैनिक 'स्वाधीनता' के कार्यालय पर कब्जा कर लिया और बाद में पत्र के कार्यकर्ता व सम्पादक श्री संतोष कुमार चटर्जी को भी हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए अन्य कम्युनिस्टों में चटगांव सशस्त्र डकैती केस के एक भूतपूर्व बन्दी श्री अम्बिका चक्रवर्ती भी शामिल हैं।

बंगाल के एक कम्युनिस्ट एम.एल.ए. श्री ज्योति बसु तथा कम्युनिस्ट पार्टी की बंगाल शाखा के भूतपूर्व सेक्रेटरी श्री भुवानी सेन भी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पार्टी के सदर दफ्तर तथा कई अन्य सम्बन्धित कार्यालस पुलिस द्वारा कई घण्टे तक तलाशी लेने के बाद सील कर दिए गए हैं।

आज तीसरे पहर बंगाल सरकार द्वारा जारी की गई एक प्रेस विज्ञप्ति का कहना है - ''पश्चिमी बंगाल की सरकार ने 25 मार्च, 1948 की एक विज्ञप्ति द्वारा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी, उसकी शाखाओं और अन्य सम्बन्धित संस्थाओं को इंडियन क्रिमिनल ला (अमेंडमेंट) एक्ट की 16वीं धारा के अन्तर्गत गैर-कानूनी करार दे दिया है। इस घोषणा के पश्चात पुलिस ने 26 मार्च को सवेरे ही कलकत्ता और प्रांत के अन्य जिलों में कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं और सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। सर्वत्र इस पार्टी के दफ्तरों की तलाशियां ली गईं और उन पर कब्जा कर लिया। शाम के 4 बजे तक सब जगह से तलाशियों और गिरफ्तारियों के समाचार आ रहे हैं। पुलिस ने आज कुल 58 कम्युनिस्ट और किसान सभा के नेता और कार्यकर्ता गिरफ्तार किए हैं। इनमें से लगभग 40 गिरफ्तारियां तो कलकत्ता में और बाकी हुगली, हावड़ा और 24 परगना में की हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छुरिया में पंचायत कैफे का किया शुभारंभ, व्यंजनों का लिया स्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजनांदगांव जिले के विकासखंड मुख्यालय छुरिया में पंचायत कैफे का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर फरा तथा मिलेट्स व्यंजन रागी के हलवा का स्वाद लिया। उन्होंने इस मौके पर बिहान महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे व्यंजनों की प्रशंसा की। समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री का कैफे के माध्यम से रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन की पहल पर बिहान स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने परंपरागत छत्तीसगढ़ी एवं मिलेट्स व्यजंनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत छुरिया के परिसर में पंचायत कैफे की शुरूआत की गई है। पंचायत कैफे के अवलोकन के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जिले में चलाए जा रहे पंचायत कैफे के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छुरिया में पंचायत कैफे के संचालन के लिए 5 महिला स्व-सहायता समूह पदम तुलसी स्व-सहायता समूह बम्हनीचारभाठा, भवानी स्व-सहायता समूह, शिकारीमहाका, मां शक्ति स्व-सहायता समूह तेन्दूटोला, जय मां संतोषी स्व-सहायता समूह कुमर्राछुरिया, जय गुरूदेव स्व-सहायता समूह जंगलपुर को बैंकों के माध्यम से 2 लाख 50 हजार रूपए की वित्तीय सहायता राशि उपलब्ध करायी गई है।

छुरिया के पंचायत कैफे में छत्तीसगढ़ी परपंरागत व्यंजन चीला, फरा, ठेठरी, खुरमी, अनरसा, मिलेट व्यंजन, इडली, दोसा एवं अन्य फास्टफूड व्यंजन की बिक्री की जा रही है। गौरतलब है कि डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी में पंचायत कैफे का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला भी उपस्थित थे।

## खास खबर

### भाजपा मन की बात का 99 वां एपिसोड सुना, 100 वां के लिए विशेष तैयारी

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर द्वारा समस्त मंडलों में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 99 वॉ एपिसोड सुना गया, 30 अप्रैल 2023 को 100 वॉ मन की बात कार्यक्रम पर विशेष तैयारियां भाजपा कर रही है। 99 वॉ मन की बात कार्यक्रम में भाजपा के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समस्त लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर मन की बात सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंगदान करने वाले ईश्वर समान होते हैं, 08 वर्ष में अंगदान करने वाले 03 गुना बड़े हैं। मेडिकल साइंस की बदौलत अंगदान करने से किसी को जीवन देने का एक बहुत बड़ा माध्यम बन गया है। एक व्यक्ति जब अंगदान करता है तो उससे 08 से 10 लोगों को नई जिंदगी मिलती है। भारत के सामर्थ में नारी शक्ति की बड़ी भूमिका रही है, अभी नवरात्रि का पर्व चल रहा है, नारी शक्ति की उपासना का समय है।

### अग्रहरी महिला मंडल का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**राजनांदगांव।** अग्रहरी महिला मंडल का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न राजनांदगांव स्थानीय अग्रहरी महिला मंडल का होली मिलन कार्यक्रम अग्रहरी भवन में गत दिनों संपन्न हुआ जिसमें महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुधा सतीश अग्रहरी एवं समस्त पदाधिकारियों ने महिला मंडल की सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात गुलाल लगाकर होली मिलन का कार्यक्रम स्वल्पाहार व ठंडाई के साथ संपन्न हुआ. महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती सुचित्रा आनंद किशोर अग्रहरी ने अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे ही कार्यक्रमों से समाज में एकता एवं प्रेम की भावना उत्पन्न होती है महिला मंडल की सभी सदस्यों को सक्रिय रूप से समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना होगा .. महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती सुधा राजेश अग्रहरी ने अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों के सामूहिक प्रयास से प्रत्येक कार्यक्रम सफल हो रहा है आगे भी इसी प्रकार की सक्रियता से कार्य करते रहे महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती उर्मिला अग्रहरी ने कहा होली का त्यौहार आपसी सौहाद्र का त्यौहार है समाज के प्रत्येक कार्यक्रम में सभी सदस्यों की भागीदारी होनी चाहिए तभी कार्यक्रम की सफलता निश्चित है कहा कि इस भागदौड़ के जीवन से थोड़ा वक्त सामाजिक गतिविधियों में यदि समाज के प्रत्येक सदस्य दे तो निश्चित रूप से प्रत्येक कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल होग।

# राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का संरक्षण अति महत्वपूर्ण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, विधिक सेवा प्राधिकरण, यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में किशोर न्याय अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण और बाल संरक्षण से संबंधित विषयों पर राजधानी रायपुर में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का संरक्षण और उनके सर्वांगीण विकास में सबकी सहभागिता जरूरी है।




कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष श्री गौतम भादुड़ी ने कहा कि आपको बालकों के कल्याण के लिए कार्य मिला है। यह विशेष कार्य है, जिसे भगवान भी देख रहे हैं। आप के बहुत सारे दोस्त एवं परिचित होंगे जिन्हें यह मौका ही नहीं मिला है। हमें यह पुण्य अवसर मिला है इसे हमें सार्थक करना है। जिस प्रकार हम अपने बच्चों को बेहतर और खुशहाल देखना चाहते हैं, उसी प्रकार पीड़ित और अपचारी बच्चों को भी देखें, इससे मन को संतुष्टि मिलेगी।

न्यायमूर्ति भादुड़ी ने आगे कहा कि बाल संरक्षण लैंगिक उत्पीड़न के लिए एक्ट तो बना है। लेकिन उसका क्रियान्वयन हो रहा है, यह भी देखना जरूरी है। उन्होंने पंचतंत्र की एक कहानी सुनाई कि एक गरीब व्यक्ति को कुछ आटा मिल जाता है और वह सपना देखने लग जाता हैं कि वह उसे बेचकर बकरी खरीद लेगा, फिर बकरी के दूध को बेचकर धीरे-धीरे अमीर हो जाएगा। इसी समय नींद में उसका पांव आटे पर पड़ता है और आटा बिखर जाता है। ऐसा बच्चों को नहीं लगना चाहिए कि यह एक ड्रीम है। उन्होंने एक और कहानी बताया कि एक व्यक्ति को कहीं जाना था। उसने स्वामी विवेकानंद जी से पूछा कि आप मुझे रास्ता बताए। स्वामी जी ने कहा कि रास्ता आपके पैरों के नीचे है जो आपको अपनी मंजिल तक ले जाएगा। आप सभी अधिकारियों-कर्मचारियों अथवा इस सेवा से जुड़े लोगों से मेरा अनुरोध है कि आपको अवसर मिला है, आप बच्चों के संरक्षण के लिए बेहतर कार्य कर सकते हैं। न्यायमूर्ति ने बाल संरक्षण एवं लैंगिक अपराध जागरूता एवं नियंत्रण की दिशा में बेहतर कार्य के लिए प्रसन्नता जाहिर की। कार्यशाला को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं किशोर न्याय कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री पी.सैम कोशी, न्यायमूर्ति श्री दीपक तिवारी, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम, यूनीसेफ के राज्य प्रमुख श्री जॉब जकारिया ने भी संबोधित किया। छत्तीसगढ़. बाल संरक्षण आयोग के सचिव श्री प्रतीक खरे ने स्वागत भाषण दिया। आभार प्रदर्शन श्री आनंद प्रकाश वॉरियाल, सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राध्किारण, बिलासपुर के द्वारा किया गया। कार्यशाला में जस्टिस वक्ताओं ने कहा कि एक नाबालिग जिसे यौन शोषण का शिकार बनाया गया है उसे बालिग पीड़ित से ज्यादा सुरक्षा की आवश्यकता है, क्योंकि शारीरिक उत्पीड़न, सामाजिक बहिष्कार और मानसिक उत्पीड़न का सामना करने की क्षमता बालिग व्यक्ति के मुकाबले नाबालिग में कम होती है। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का संरक्षण अति महत्वपूर्ण हैं। यह मुस्कुराते हुए मासूम प्रार्थी वास्तव में हमारे समाज के हाशिये में पड़े वर्गों में से एक है। यह अक्सर यौन शोषण, पोर्नोग्राफी, ऐसिड अटैक जैसी जघन्य अपराधों के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में हम सभी स्टैक होल्डर जो बड़े-बड़े पदों पर आसीन हैं, उनका नैतिक एवं संवैधानिक कर्तव्य है कि हम इन बच्चों की सुरक्षा एवं सम्मानित जीवन सुनिश्चित करने हेतु अथक प्रयास करें। इस अवसर पर लघु फिल्म 'बेहद सख्त कानून हैं' और 'सावधानी जरूरी हैं' का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यशाला में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# खाद्य मंत्री अमरजीत भगत पहुंचे कुदरगढ़, मत्था टेका, मां बागेश्वरी से मांगा प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद



श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजपुर। खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत सूरजपुर अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी के धाम कुदरगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने सर्वप्रथम मत्था टेक कर मां बागेश्वरीदेवी की दर्शन पूजा अर्चना कर प्रदेश के खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा।

इस दौरान संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरुप्रीत सिंह बावरा, ट्रस्ट अध्यक्ष भुवन भास्कर सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, ट्रस्टी के सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।दर्शन पूजा-अर्चना कर उन्होंने मां बागेश्वरी देवी से प्रदेश की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। कुदरगढ़ ट्रस्ट सदस्यों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों ने उन्हें फूल माला पहनाते हुए उनका स्वागत किया। वही ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने श्रीफल, चुनरी, कुदरगढ़ी देवी की छाया चित्र भेंट किया।

इस दौरान खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बावरा ने कुदरगढ़ धाम परिसर में चल रहे वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता स्थल पहुंचकर खिलाड़ियों का परिचय लेकर हौसला अफजाई किया एवं कुदरगढ़ महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव ने कुदरगढ़ धाम परिसर में चल रहे पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिता पहुंचे तथा मांदर के थाप में प्रतिभागियों के साथ पारंपरिक नृत्य करमां नृत्य का आनंद उठाया। कुदरगढ़ परिसर में शर्मा करमां, सुआ, शैला नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है।

# कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु शुरू की गई 'हर घर नल योजना' के कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री शर्मा जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान उन्होंने 'हर घर नल' योजना के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। श्री शर्मा ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने तथा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की भी चेतावनी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव एवं कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आर के धनंजय सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के अलावा ठेकेदार, क्रियान्वयन सहायक एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित ठेकेदारों एवं संबंधित अधिकारियों से बारी-बारी से चर्चा कर निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पानी टंकी के निर्माण हेतु स्थल चयन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्थल के संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर तत्काल इसका निराकरण सुनिश्चित करें। कुलदीप शर्मा ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात् पानी की सप्लाई के दौरान पानी की बर्बादी न हो सके इसका भी उपाय सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उन्होंने घरों के आसपास सोख्ता गड्ढा का भी अनिवार्य रूप से निर्माण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों से सुरक्षा के भी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुलदीप शर्मा ने इस कार्य के अंतर्गत पाईप लाईन बिछाने हेतु खोदे खड्डों का भराई काम भी शीघ्र करने के निर्देश दिए। जिससे की आवागमन में किसी भी प्रकार परेशानी न हो।


## अतिशीघ्र आवश्यकता है

एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकओं के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए
अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के
एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशनः- भिलाई दुर्ग चरोदा


# रेडक्रॉस द्वारा आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में 341 यूनिट रक्त का संकलन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के छत्तीसगढ़ शाखा और 'सहयोग' ग्रुप द्वारा राजधानी रायपुर के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में 341 यूनिट रक्त का संकलन किया गया। कैंप में एनआईटी के छात्र-छात्राओं ने उत्साह से स्वस्फूर्त रक्तदान किया।



भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ शाखा के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने इस मेगा कैंप की सफलता के लिए आयोजकों और एन.आई.टी. परिवार को बधाई देते हुए रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कैंप में हिस्सा लेते हुए 341 यूनिट रक्तदान कर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्री अग्रवाल ने रक्तदान कर रहे छात्र-छात्राओं से भी मुलाकात की। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ शाखा में ब्लड-बैंक प्रभारी डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय ने अंगदान पर एन.आई.टी. के छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। रेडक्रॉस ब्लड बैंक स्टेट कन्सल्टेंट सुदीप श्रीवास्तव ने युवाओं को रेडक्रॉस का पूरक बताया और उनसे आगे भी इस तरह के आयोजनों में सहयोग की अपील की। कैंप में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ शाखा के जनरल सेक्रेटरी डॉ. रूपल पुरोहित, एन.आई.टी. के प्रो. रविकृष्ण राव जाडे और डॉ. जागेश्वर वर्मा सहित 'सहयोग' ग्रुप के अनेक सदस्य भी शामिल हुए।


## आवश्यकता है

लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766



BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
Arhum Electronics
9926100315
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361

CONTACT

Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866

Authorised Distributers For Chhattisgarh

Trade Enquiry: 98262-52372

# छत्तीसगढ़ में खुशहाल किसानों का दाऊ वासुदेव चंद्राकर जी का सपना हो रहा पूराः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खुशहाल किसानों का स्वर्गीय दाऊ वासुदेव चंद्राकर जी का सपना पूरा हो रहा है। छत्तीसगढ़ के अन्नदाता बहुत खुश हैं। 20 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय से भी किसानों में गहरी खुशी हैं। दाऊ वासुदेव चंद्राकर जी की जयंती पर दुर्ग जिले के ग्राम अंडा में आयोजित चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज के 53 वें वार्षिक अधिवेशन एवं दाऊ वासुदेव चंद्राकर जयंती समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में यह बात कही।

उन्होंने इस मौके पर ग्राम अंडा में समाज के सामुदायिक भवन के लिए एक करोड़ रुपए तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में दाऊ वासुदेव चंद्राकर की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि दाऊ वासुदेव चंद्राकर किसान नेता थे। किसानों के हितों के मुद्दों के लिए वे हमेशा खड़े रहे। धान का समर्थन मूल्य में खरीदने का बड़ा निर्णय दाऊ वासुदेव चंद्राकर जी की वजह से संभव हो पाया। सहकारी समिति के माध्यम से धान खरीदी का निर्णय भी उनकी सोच थी। आज 2500 से अधिक धान खरीदी केंद्र छत्तीसगढ़ में संचालित है। हमने इस बार आनलाइन टोकन की व्यवस्था की। बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था थी। मिलिंग का रेट भी बढ़ा दिया गया है। सोसायटियों में मार्च महीने में ही धान का उठाव हो चुका है। न सूखत का झंझट है और न भीगने का। नई राइसमिल बड़ी संख्या में खुली हैं और इस साल भी नई राइसमिल खुलने जा रही है। लोगों ने बार-बार मांग की, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदिये। इसका निर्णय लिया गया। 2017 में 12 लाख किसानों ने 60 लाख मीट्रिक टन धान बेचा था इस बार साढ़े 23 लाख किसानों ने 107 लाख मीट्रिक टन धान बेचा है।

मुख्यमंत्री ने कहा अभी तक डेढ़ लाख करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ के आम आदमी के खाते में गये हैं। इसकी वजह से व्यवसाय भी फलफूल रहे हैं। सामाजिक क्षेत्र में लगातार भवन बनाने माँग उठती थी। हमने यह नियम बनाया कि पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए सामाजिक भवन हेतु 10 प्रतिशत की राशि में जमीन दी जाएगी। जमीन उपलब्ध करा रहे हैं और भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करा रहे है। इस मौके पर गृह एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू भी मौजूद रहे। उन्होंने चंद्राकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों पर योगदान को सराहा। इस मौके पर संसदीय सचिव द्वय विनोद सेवनलाल चंद्राकर, कुंवर सिंह निषाद, पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, लक्ष्मण चंद्राकर, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैद्यनाथ चंद्राकर, अश्विनी चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, क्षितिज चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## खास खबर...

### राहुल गांधी की सदस्यता खत्म होने से अडानी के घोटाले पर पर्दा नहीं पड़ने वाला - कांग्रेस

**रायपुर।** राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर देने अडानी के घोटालों पर न पर्दा डाल पायेगा और न ही नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चोकसे, विजय माल्या जैसे भगोड़ो के संरक्षण के गुनाह से मोदी सरकार बच पायेगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चोर को चोर कहना देश में अपराध हो गया है मोदी सरकार घोटाले बाजों को संरक्षण दे रही। सच कहने वाले की सदस्यता रद्द करवा रही है। भगोड़ो को पकड़ने का साहस नहीं घोटाले बाज की जांच की हिम्मत नहीं है विपक्ष के नेता का मुंह बंद करने साजिशे रची जा रही है। आज भी यह सवाल खड़ा हुआ है कि एलआईसी और एसबीआई के करोड़ो निवेशकों का पैसा मोदी सरकार ने जोखिम में क्यों डाला? देश का पूरा विपक्ष जब अडानी के घोटाले की जांच की मांग कर रहा है तो मोदी सरकार जांच से क्यों डर रही है? जांच से किस खुलासे का भय मोदी को सता रहा है? कौन बेनकाब हो जायेगा किसकी प्रतिमा खंडित होने का भय भाजपा सरकार को सता रहा है? जो वह अडानी के घोटाले की जांच नहीं करवा रहे है? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक ही सवाल तो पूछा है कि कितने बार मोदी जी अपने साथ अडानी को विदेश यात्रा पर ले गये। मोदी यह बताने में क्यों डर रहे है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि संसद की सदस्यता के अपहरण से राजनैतिक चुनौती खत्म नहीं हो जाती। देश के बड़े-बड़े जनआंदोलन संसद में नहीं सड़क पर हुये है और जीते गये है। कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जनता के बीच जायेगी।

### करणी सेना चैत्र छठ महापर्व का आयोजन कल

**रायपुर।** करणी सेना परिवार छत्तीसगढ़ एवं समस्त उत्तर भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में व्यास तालाब बीरगांव, रायपुर में चैत्र छठ महापर्व एवं चैत्र नवरात्रि का भव्य आयोजन दिनांक 27 एवं 28 मार्च 2023 के दिन किया जा रहा है। जिसमें भजन संध्या एवं महाआरती तथा विशाल भण्डारा क्रमशः आयोजित किया जाएगा। 27 मार्च 2023 को सायं 5 बजे से आयोजित भजन संध्या में मुम्बई से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं गायिका अमर रघुवंशी और अंकिता दुबे तथा रायपुर के भजन सम्राट लल्लु महाराज एवं छत्तीसगढ़ी गायक रवि गोस्वामी अपने मनमोहक स्वर से श्रद्धालुओं का मन रोमांचित करेंगे। तत्पश्चात् छठी मैया एवं दुर्गा मैया की महाआरती संपन्न होगी। 28 मार्च 2023 को प्रातः अर्ध्य के पश्चात् प्रातः 09 बजे से आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए विशाल भण्डारे का शुभारंभ होगा जिसमें सभी भक्तों को माता की प्रसादी से तृप्त किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में वीरेन्द्र सिंह तोमर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष भोजपुरी समाज ने दी।

# अन्नदाताओं की खुशहाली और समृद्धि के लिए किए जा रहे लगातार कार्यः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अन्नदाता किसान संपन्न एवं खुशहाल रहें, इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं। न्याय योजनाओं के जरिए किसान, पशुपालक एवं मजदूरों की जेब में पैसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है, इससे किसानों में खुशी का माहौल है। अन्नदाता किसान खुश होंगे तो समझिए भगवान खुश हैं। श्री बघेल आज राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड में कंवर महोत्सव एवं किसान महासम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 105 करोड़ 71 हजार रूपए की लागत के 19 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 8 करोड़ 66 लाख 39 हजार रूपए की लागत के 6 कार्यों का लोकार्पण तथा 96 करोड़ 34 लाख 32 हजार रूपए की लागत के 13 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ रूपए 56 लाख 40 हजार रूपए की सामग्री, वन अधिकार पट्टा, सामाजिक एवं अहाता निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश तथा प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कंवर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी को नवरात्रि एवं रमजान पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल करने पर किसानों ने उत्सव मनाया है। सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है। पहले 55 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी होती थी, जो अब बढ़कर 107 लाख मिट्रिक टन हो गया है। राजनांदगांव जिले में किसानों की संख्या एवं रकबे में ढाई गुना बढ़ोत्तरी हुई है। किसान खेती-किसानी के लिए वैज्ञानिक तरीके को अपना रहे हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत चौथे किस्त की राशि किसानों को दे दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक दृष्टि से नये जिले के गठन के बाद विकास कार्यों में गति आयी है। बजट सत्र के दौरान सभी की मांग को ध्यान में रखते हुए कोटवार, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पटेल, आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की गई है। राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। राजीव गांधी भूमिहीन मजदूर न्याय योजना नगरीय क्षेत्रों में भी प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में 278 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ किया गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। गांव में ही युवाओं के लिए रीपा केन्द्रों में बिजली, पानी, शेड, एप्रोज रोड एवं अन्य व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सी-मार्ट के माध्यम से स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों की बिक्री की जा रही हैं। जनसामान्य को सस्ती कीमत पर दवाई उपलब्ध कराने के लिए धन्वंतरी मेडिकल स्टोर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता के निःशुल्क ईलाज के लिए मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना एवं युवा मितान क्लब जैसी योजना से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के साथ ही प्राकृतिक गोबर पेंट बनाया जा रहा है। जिससे शासकीय भवन तथा स्कूल भवन की पोताई की जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 25 हजार रूपए से राशि बढ़ाकर 50 हजार कर दी गई है।

खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों के रोटी एवं पगड़ी को मान-सम्मान दिया है। प्रदेश के मुखिया ने अन्नदाता किसानों की कर्जमाफी की है। जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री नवाज खान ने कहा कि देश भर में अभी भूपेश मॉडल भरोसे मॉडल की चर्चा है। किसानों को मुख्यमंत्री पर भरोसा है। वे लगातार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वे किसानों की बुलंद आवाज तथा उनके ब्रांड एम्बेसडर हैं। कंवर समाज के प्रांतीय अध्यक्ष श्री हरिवंश मिरी एवं जिला कंवर समाज के अध्यक्ष श्री बिंदुलाल चंद्रवंशी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जैतगुड़ा में गोड़ समाज द्वारा भवन निर्माण के लिए 30 लाख रूपए, आदिवासी कंवर सामुदायिक भवन राजनांदगांव के लिए 60 लाख रूपए तथा मराठा कलार समाज भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की राशि स्वीकृति प्रदान की।

# छत्तीसगढ़ सरकार की उद्योग नीति के कारण कोरोना काल में भी स्टील उद्योग ने किया बेहतर प्रदर्शनः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल रविवार को ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देशभर से आये स्टील उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्टील सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार तत्पर है। स्टील उद्योग छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के दौरान स्टील उद्योग को बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।




कभी महंगी बिजली का संकट सामने आ जाता है, कभी ईंधन का संकट सामने आ जाता है, कभी सस्ते कच्चे माल की जरूरत शिद्दत के साथ महसूस की जाती है, तो कभी कोरोना और लॉकडाउन का संकट सामने आ जाता है। लेकिन कोरोना काल में छत्तीसगढ़ सरकार की नीति की वजह से उद्योग बंद नहीं हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को भले घाटा हो लेकिन हमने आपको बिजली में छूट दी ताकि उद्योग अच्छे से चलते रहें। हमारे राज्य से कोयला पूरे देश में जाता है, कोरोना काल मे हमने कोयला की आपूर्ति बाधित नहीं होने दी। मैं रायपुर सांसद के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि एसईसीएल से स्टील व्यवसायिओं को कोल लिंकेज मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयला खदानों की वजह से सड़कें बहुत खराब हैं। खराब सड़कों की वजह से परिवहन बहुत महंगा हो गया है। इसलिए किसी उद्योग की स्थापना के समय सड़क को भी प्रोजेक्ट में ले लेना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा जब कोरोना की दूसरी लहर आयी तो देश की राजधानी और अन्य राज्यों में ऑक्सीजन की कमी थी लेकिन छत्तीसगढ़ में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं हुई, हमने तुरन्त उद्योगपतियों को ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए लाइसेंस दिया। देशभर में ऑक्सीजन का दवाब था तो मैंने प्रधानमंत्री जी से आग्रह किया कि स्टील प्लांट को भी कुछ ऑक्सीजन दीजिये। जिससे प्लांट भी चल सकें। कोरोना काल में देशभर में मजदूर पलायन कर रहे थे, लेकिन छत्तीसगढ़ में स्थिति ऐसी नहीं थी। हमारे छत्तीसगढ़ में बेहतर उद्योग नीति की वजह से कोरोना काल मे भी उद्योग अच्छे से चलते रहे। जब कोरोना संकट आया और लॉकडाउन की परिस्थितियां निर्मित हुई तब एक बारगी लगा कि प्रदेश का स्टील सेक्टर दम तोड़ देगा, लेकिन हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। भीषण संकट के बीच सरकार स्टील सेक्टर की ताकत बनी और हमारे स्टील उद्योग सरकार की ताकत बन गए। कोरोना संकट काल में भी हमारे यहां देश में सबसे ज्यादा स्टील का उत्पादन किया। पिछले चार सालों के दौरान छत्तीसगढ़ का औद्योगिक परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है।

# कुदरगढ़ महोत्सव में खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कुदरगढ़ महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन सूरजपुर द्वारा दिनांक 26 से 28 मार्च तक जिले के ओडगी विकासखंड के मां बागेश्वरी के पावन धाम कुदरगढ़ में किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा खेल प्रतियोगिता के रूप में कबड्डी व वॉलीबाल का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस दोनो खेलों के 8-8 टीमों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत और भटगांव विधायक पारसनाथ रजवाड़े द्वारा दोनों खेल के खिलाड़ियों के बीच जाकर परिचय प्राप्त कर हौसला अफ्जाई किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत,



भटगांव विधायक पारसनाथ रजवाड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिवबालक यादव, जनपद सदस्य राजू कुमार गुप्ता, कुदरगढ़ ट्रस्ट अध्यक्ष भुवन सिंह आदि अतिथिगण उपस्थित रहे। वॉलीबाल में कोटेया, ओडगी, भटगांव, बैजनाथपुर, गोंदा, रामानुजनगर, लटोरी, सुंदरगंज तथा कबड्डी में ओडीगी, स्टार क्लब रामानुनगर, प्रतापपुर, देवनगर, सूरजपुर, स्टार क्लब गंगोटी, सूरजपुर व ओडगी के मध्य प्रतियोगिता की गई।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# आपका जीवन आपकी जिम्मेदारी

**अगर आप अपनी जिंदगी से नाखुश हैं, तो आगे बढ़ें। आप अगर एक ही जगह रुके रहने के लिए बने होते तो आपके पास जड़ें होतीं, पैर नहीं। इसलिए बदलाव लाना है तो आपको कोशिश करनी होगी। कोई और आपके जीवन को नहीं बदल सकता।**

डियान टिनिओ


thoughtcatalog.com

हम अकसर अपने हालातों से समझौता करना पसंद करते हैं, क्योंकि आगे बढ़ने का अहसास कई दफा डरावना होता है। हम जिन लोगों, चीजों या स्थान के आदी हो चुके होते हैं, उनके बिना किसी दूसरे माहौल में होने के अहसास से हम सहम जाते हैं। हमें लगता है कि हम आगे नहीं बढ़ सकते। यह विचार हमें आगे बढ़ने से रोकने लगता है। इस डर के आगे हम अपना अस्तित्व और खुशी कुर्बान कर देते हैं। हम समझौते करते हैं, क्योंकि हम उस वक्त ठहर जाते हैं, जब आगे बढ़ना बहुत जरूरी था।

## नाखुश हैं नौकरी से

किसी सनक में नौकरी नहीं छोड़नी चाहिए। पर, आपको लगता है कि अब तरक्की नहीं हो रही है, आप सिर्फ काम करने के लिए काम कर रहे हैं, आपकी उत्पादकता कम हो रही है, तो फिर जरूर विचार करना चाहिए। यह लगातार लग रहा है कि आपका काम तन, मन और भावनात्मक स्तर पर बहुत ज्यादा तनाव दे रहा है तो कुछ नया सोचना चाहिए। अगर आप अपनी नौकरी में लगातार परेशान हैं, पर इसलिए उसे करते रहते हैं, क्योंकि इससे आमदनी होती है या फिर लगता है कि तरक्की मिलने के बाद आप सफल हो जाएंगे और सब सही हो जाएगा तो आप गलत हैं। आपकी खुशियां आपकी सफलता पर निर्भर नहीं करती है। आपको वहां जाना चाहिए, जहां नए मौके हैं, नए लोगों से मिलना-जुलना है, नया काम, नई बातें हैं। ऐसा माहौल, निजी और प्रोफेशनल दोनों स्तर पर आपके विकास में सहायक होता है। आपको ऐसे माहौल के लिए कोशिश करनी चाहिए। कोशिश करने की कोई उम्र नहीं होती। अंत चाहे अच्छा हो या बुरा, वह एक अनुभव देगा। हर अनुभव हमें एक नया पाठ सिखा जाता है, जो शायद हम किसी और तरह से कभी न सीख पाते।

## नाखुश हैं आसपास के लोगों से

अगर लगता है कि वे आपके आसपास के लोग आपको सकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं करते हैं और आप उनके साथ आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं तो आपको अपना दायरा बढ़ाना चाहिए। इसका मतलब ये नहीं कि आप दूसरे लोगों को छोड़ दें या उन्हें अपने जीवन से अलग कर दें या फिर हमेशा के लिए भूल जाएं। इसका मतलब है कि आप अब बस आगे बढ़ना चाह रहे हैं। हो सकता है कि उनके साथ आपने अच्छा समय बिताया हो, उनसे बहुत कुछ सीखा हो। और, अब वे आपको लगातार हतोत्साहित कर रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें धन्यवाद, फिर मिलते हैं आदि कहने का समय है।

## नाखुश हैं शहर से

कंफर्ट जोन या सुरक्षित दायरे में फंस कर न रहें। थोड़ा जोखिम और अनिश्चितता आपको बहुत आगे बढ़ा सकती है। अगर आप किसी शहर में बस इसलिए हैं, क्योंकि आप यहां लंबे समय से रह रहे हैं या फिर यहां सुविधाएं हैं तो आपको सोचना चाहिए। ये सुविधा जोखिम लेने से कहीं अधिक डरावनी हो सकती है। इस तरह आप कई शानदार चीजों की ओर बढ़ने से खुद को रोक लेते हैं। याद रखें, बड़ी चीजें हमें कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर ही मिल पाती हैं, बाहर निकलें, नई जगहों को देखना का साहस करें। एक ऐसी जगह की तलाश करें, जो आपको पसंद है, जहां आप कुछ समय रह सकते हैं। घर वह है, जहां आपकी खुशी है, वहां नहीं, जहां उसे कैद कर लिया जाता है।

## नाखुश हैं अपने जीवन पथ से

अगर आप अपने जीवन पथ से नाखुश हैं, तो एक नया मोड़ लें। चाहे वह आपके कॉलेज का कोर्स हो या आपके करियर का मार्ग, या व्यवसाय की दिशा— चाहे वह कोई भी रास्ता हो, अगर आप उससे बहुत ज्यादा असंतुष्ट हैं, तो अब नई राहों के बारे में सोचने का समय आ गया है। अगर आप कोई कोर्स कर रहे हैं जो आपको पसंद नहीं है, तो कोर्स बदल दें। यकीन मानिए, कोई ऐसी चीज जो आपको पहले दिन से ही पसंद नहीं आई, उस पर अपना समय, पैसा और मेहनत बर्बाद करना व्यर्थ है। यह आपको केवल समझौता करना सिखाएगा। अगर यह आपको प्रोत्साहित नहीं करता है, तो अंत में आप खाली और थका हुआ महसूस करेंगे। यह वास्तव में मायने नहीं रखता है कि आप अगले साल स्नातक कर रहे हैं या नहीं, खुद के लिए किसी भी तरह की नौकरी चुनने से पहले यह तय कर लें कि क्या वाकई आप उसको करना चाहेंगे? क्या उस काम में आपको खुशी मिलेगी? अगर आप अपना कीमती समय और विशेषज्ञता एक ऐसे करियर में निवेश कर रहे हैं, जो आपको खुशी नहीं देता तो आपको अपना करियर बदल लेना चाहिए। करियर बदलने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए किसी सही समय का इंतजार करने की जरूरत नहीं पड़ती। अगर आप नाखुश हैं तो इसे अभी करें। एक नए रास्ते पर चलें। विविधता की ओर बढ़ें। अगर आप खुश हैं, तो आप खुद को कभी नहीं खोएंगे।

## नाखुश हैं अपने नजरिये से

अगर आप जीवन को देखने के अपने तरीके से नाखुश हैं, तो अपनी दृष्टि बदलें। जीवन को एक अलग नजरिये से देखें। जीवन से अपनी नई पहचान कराएं। चिंता करने या चीजों के बारे में ज्यादा सोचने से जीवन बदल नहीं जाता। इसलिए उन चीजों पर जोर न दें, जिन्हें आप बदल नहीं सकते। केवल एक चीज जो आप कर सकते हैं, वह है अपने नजरिये को बदलना, हर जीवन को नए तरह से देखना। जीवन की परेशानियों को गिनना बंद करें। जिंदगी खूबसूरत भी है। आप अभी जहां हैं, अगर वहां से आप नाखुश हैं, तो आगे बढ़ें। यह बेहद आसान है, मुझे नहीं पता कि हम सब कुछ इतना जटिल क्यों बना देते हैं। हम अपना इतना समय और ऊर्जा हर चीज की छान-बीन में क्यों लगाते हैं, जब हमें वास्तव में केवल अपनी खुशी के बारे में सोचना चाहिए।

इसलिए, अपने जीवन में लिए जाने वाले हर निर्णय से डरने और जरूरत से ज्यादा खोजबीन करने के बजाय, अपनी हिम्मत पर भरोसा रखें। कभी-कभी, जोखिम उठाना और उलझन में रहना अच्छी बात है। आप हमेशा चीजों के फायदे और नुकसान नहीं तौल सकते, कभी-कभी केवल एक चीज होती है, जो वास्तव में मायने रखती है और वह है आपकी खुशी, इस जीवन के लिए आपका जुनून और एक संतुष्ट दिल की भूख। आपको यह तय करने की ज़रूरत नहीं है कि आप कहां जा रहे हैं या अगला कदम क्या है; कभी-कभी आपको केवल पहला कदम उठाना होता है और वह है, सब छोड़ कर आगे बढ़ जाना।

## तीन नियम...




**1** दूसरों का पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी चुनौतियों का सामना करना, हमें उनकी ओर आकर्षित करता है। पर, इसका मतलब यह नहीं कि आप उनकी सफलता को खुद पर हावी करें, बेचैन रहें और खुद को दुखी करते रहें। वह उनकी यात्रा है, आपकी नहीं। अपनी कमियों पर बेचैन बने रहने की बजाए, खुद को स्वीकारें। अपने घावों को ठीक से भरने दें।

**2** पर्याप्त आराम के बाद मनपसंद काम को करने की हमारी रफ्तार और जोश देखने लायक होते हैं। हमें अपने आराम को लेकर बुरा महसूस करने की जरूरत नहीं। लेखिका निकोला जेन हॉब्स कहती हैं, 'क्या हम आराम करने के हकदार हैं, इसकी बजाए हमें पूछना चाहिए कि क्या हमने इतना आराम किया है कि हम अपना पसंदीदा काम कर सकें।'

**3** अपने आसपास के लोगों की चुप्पी खलती है। पर कोई चुप है तो उसका कारण आप हों, यह जरूरी नहीं। कुछ लोग अपनी चुनौतियों से उबरने के लिए अकेले ही संघर्ष करना चाह रहे होते हैं। ऐसे में सबसे बेहतर तरीका है कि आप उन्हें अपने ढंग से काम करने का समय दें और यह भरोसा दिलाएं कि जरूरत पड़ने पर वे आपको याद कर सकते हैं।

# तो जल्दी लगाइए किसी दोस्त को फोन



दूसरों से हमारे अच्छे संबंध, हमारी जिंदगी को नए अर्थ देते हैं। समय-समय पर दोस्तों से की जाने वाली बातचीत व सामाजिक संवाद हमें अवसाद, बेचैनी और दुख से उबरने में मदद करते हैं।


हालिया नए अध्ययन के अनुसार, किसी दोस्त से संपर्क करना और सामाजिक स्तर पर किसी से हुई बढ़िया बातचीत का हमारे रोजमर्रा के मूड पर भी अच्छा असर पड़ता है।

कम्युनिकेशन रिसर्च में छपे इस अध्ययन में कैंसास यूनिवर्सिटी में कम्युनिकेशन स्टडीज के प्रोफेसर जैफ्री हॉल और उनकी टीम ने उम्मीदवारों को संवाद से जुड़े अलग-अलग काम करने को कहा। इनमें किसी दोस्त से इन सात बिंदुओं के आधार पर बातचीत करना भी शामिल था—

- संपर्क की पहल
- अर्थपूर्ण बातचीत
- मजाकिया संवाद
- सहयोग दर्शाना
- दूसरों को सुनना
- उनकी राय का सम्मान करना
- ईमानदारी से तारीफ करना।

शोधकों की टीम के अनुसार, इन सात पहलुओं में से किसी भी बिंदु पर बात करना हमारे तनाव, बेचैनी, अकेलेपन को कम करके संपूर्ण सेहत व दिनचर्या की गुणवत्ता को बढ़ा देता है। दूसरों से जुड़े रहने का अहसास हमें बेहतर महसूस कराता है। ऐसे में अगर हम किसी से आमने-सामने रहकर बातचीत नहीं कर पा रहे हैं तो इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिये बातचीत करना भी हमारे अकेलेपन और तनाव को कम करता है, उदासीनता को दूर करते हुए हममें आशा का संचार करता है।

# शक्ति का सम्मान कीजिए



**खुद पर भरोसा, सहयोग की भावना और दूसरों की योग्यता का सम्मान, हमारी अपनी शक्ति को महाशक्ति में बदल देते हैं। भीतर और बाहर, केंद्र और परिधि, गति और स्थिति शक्ति के ही अलग-अलग आयाम हैं। दूसरों की शक्तियों से डरना या जलना नहीं, हमें उनसे सीखना और जुड़ना चाहिए।**

मार्कण्डय पुराण के अनुसार, यह सृष्टि ज्ञान, इच्छा और क्रिया का योग है। इसे त्रिपुरा शक्ति कहा गया है। हम शक्ति की पूजा करते हैं, उसे हासिल करना चाहते हैं, उससे डरते भी हैं। पर, शक्ति को ढंग से समझते नहीं हैं। समस्या यह है कि हम अतियों में जीते हैं। कभी खुद को कुछ नहीं मानते, तो कभी खुद को ही सब कुछ समझते हैं। हम अपनी चाहतों, समझ और कोशिशों के बीच संतुलन नहीं बना पाते। फालतू कामों में ऊर्जा खर्च कर देते हैं। इतना नहीं, ज्यादातर लोग शक्ति मिलते ही बदलने लगते हैं। दूसरों पर हावी होने की कोशिश करते हैं।

यूनिवर्सिटी ऑफसेन फैंसिस्को में प्रो. जिम टेलर कहते हैं, 'हमारी जीवन की गाड़ी के ईंधन में शुद्धता और गंदगी का अनुपात क्या है, हमें इसका ध्यान रखना चाहिए। दूषित ईंधन का अधिक होना गाड़ी को खराब कर देता है।'

अब ईंधन को ऊर्जा और शक्ति के रूप में अगर देखें तो शुद्ध ईंधन, सकारात्मक अनुभवों से बनता है। जिसमें उच्च मूल्य, प्रेम, भरोसा, सहयोग, मेहनत, समन्वय, आशा और उम्मीद के तत्व होते हैं। इससे गाड़ी लक्ष्यों की ओर बढ़िया ढंग से बढ़ती है। जलने पर बाहर का माहौल भी खराब नहीं होता। वहीं कड़वे अनुभव, गलत सोच, उदासी, डर, शक, हार का डर और बेचैनी से बनता है दूषित ईंधन। गाड़ी खराब ईंधन से भी चल जाती है, पर तब चाल प्रभावी और सहज नहीं होती। कई बार ईंजन बीच यात्रा में ही जवाब दे देता है।'

### शक्ति को बचाएं और बढ़ाएं

- हर समय खुद पर शक करना, हमें कई अच्छे मौकों और रिश्तों से दूर कर देता है। जब हम खुद को हीन समझते हैं, तब भीड़ का हिस्सा बने रहने में ही भलाई समझते हैं। कुछ अलग और नया करने का भरोसा बनाए रखें। अपनी बेहतरी के रास्ते में स्वयं ही बाधा न बनें।
- अपनी शक्ति को शिकायतों में खर्च न करें। अपनी जिम्मेदारियों को स्वीकार करें। अपने लिए सही सीमाएं तय करें। दूसरे आपके बारे में क्या सोचते हैं, इसकी परवाह न करें।
- आत्मविश्वासी होना हमेशा योग्य होना नहीं होता। ऐसे में नया सीखने से पीछे न हटें। आप जो हैं, खुद को स्वीकार करें। दूसरों को खुश करते रहने के लिए अपनी भावनाओं को हर समय छुपाते न रहें। खुद को सम्मान दें और अपना ध्यान रखें।
- दूसरों से जुड़ना निजी और काम दोनों के स्तर पर हमारे दायरे को बढ़ाता है। हम बेहतर और बड़े स्तर पर काम कर पाते हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम केवल अपना फायदा न सोचें। दूसरों को सुनें। उन्हें उचित लाभ दें। उनकी तारीफ करें।

**पूनम जैन**



## शिमरी ब्लैक आउटफिट में निक्की तंबोली लगीं बला की खूबसूरत, ऊपर से नीचे तक निहारते रह जाएंगे आप

बिग बॉस फेम निक्की तंबोली हमेशा सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट सुपबोल्ड फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस देख कर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्ड अदाओं से इंटरनेट का तापमान बढ़ाने में लगी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने शिमरी आउटफिट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जो तेजी से वायरल हो रही हैं। निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की सिजलिंग ड्रेस पहनी हुई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने काफी डीपनेक ब्लैक ब्लाउज पहना हुआ है और साथ ही थाई स्लिट स्कर्ट पहनी हुई है। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप लुक कर के निक्की तंबोली ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। हाई हील्स पहन कर एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दिए हैं। निक्की तंबोली जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर भी यूजर्स अमेजिंग, हॉट, टू हॉट टू हेंडल, सुपर गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स कर रहे हैं।

# चाय से जुड़े इन भ्रमों में नहीं हैं कोई सच, क्या है हकीकत

चाय एक लोकप्रिय पेय है और इसका सेवन शरीर को ऊर्जा देने के साथ ही मन को सुकून देने में मदद करता है। हालांकि, बाजार में चाय की वैरायटी के बढ़ने के साथ ही लोगों के मन में इससे जुड़े कई भ्रम घर करते जा रहे हैं, जबकि इनकी सच्चाई कुछ अलग ही है। चलिए आज हम आपको चाय से जुड़े कुछ ऐसे ही भ्रमों और उनकी सच्चाई के बारे में बताते हैं।

***भ्रम- चायपत्ती की शेल्फ लाइफ नहीं होती है***

यह सिर्फ एक भ्रम है कि चायपत्ती की शेल्फ लाइफ नहीं होती है। सच तो यह है कि हर निर्मित उत्पाद की एक्पायरी डेट होती है। आमतौर पर चायपत्ती की शेल्फ लाइफ 6 से 8 महीने होती है। एक अध्ययन के अनुसार, चायपत्ती के एक्सपायर होने के बाद इसके कैटेचिन का स्तर 32 प्रतिशत कम हो गया, जिससे यह कम खाने योग्य और स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित हो गई।


***भ्रम- ग्रीन टी पीने से वजन कम होता है***

बहुत से लोगों का ऐसा मानना है कि ग्रीन टी पीने से वजन कम होता है, लेकिन यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा और कुछ नहीं है। भले ही ग्रीन टी में मौजूद पोषक तत्व मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और फैट बर्न करने में मदद करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि सिर्फ ग्रीन टी पीन से ही वजन कम होने लगता है। इसके साथ आपको अपनी डाइट और एक्सरसाइज पर भी पूरा ध्यान देना होगा।

***भ्रम- टी बैग खुली चायपत्ती जितने ही अच्छे होते हैं***

शायद यह सबसे आम भ्रम है कि टी बैग खुली चायपत्ती जितने ही अच्छे होते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। टी बैग्स उतने स्वास्थ्यवर्धक नहीं होते हैं, खासकर जब आप उनकी तुलना सामान्य ढीली चायपत्ती से करते हैं। दरअसल, टी बैग्स में आवश्यक पोषक तत्व और सुगंध की कमी होती है। यहां तक कि बैग भी सिल्क या कॉर्न प्लास्टिक के बने होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है।

***भ्रम- चाय में दूध मिलाने से इसके फायदे बेअसर हो सकते हैं***



इस सूची में एक और लोकप्रिय गलत धारणा यह है कि दूध चाय के स्वास्थ्य लाभों को खराब कर सकता है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। दूध कैल्शियम, पोटैशियम और विटामिन- बी 2 और बी 12 से भरपूर होता है, जो चाय के पोषक तत्वों को हटाने के बजाय इसके मूल लाभों में और इजाफा करता है। जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री के मुताबिक, चायपत्ती की कैटेचिन मात्रा दूध के साथ या दूध के बिना समान रहती है।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### एक भारत श्रेष्ठ भारत सरकार का संकल्प

**रायपुर।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं। देश के अलग अलग हिस्सों में भारत को आगे ले जाने के लिये जो उल्लेखनीय कार्य किये जाते हैं उसकी जानकारी देशवासियों से साझा की जाती है। इस रविवार को मन की बात के 99 वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने अनेक पहलुओं को छुआ। उन्होंने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत इस सरकार का संकल्प है। इसके लिये काशी मे चल रहे काशी तमिल संगमम की तर्ज पर सौराष्ट्र तमिल संगमम की भी शुरुआत की जा रही है। देश के अलग अलग हिस्से की संस्कृतियों का संगम राष्ट्रीय एकात्मता और एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इस एपिसोड उन्नत कृषकों द्वारा मे कृषि के क्षेत्र मे किये गये उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा की गयी। अंगदान करके कैसे एक इंसान अनेक जिंदगियां बचा सकता है उसकी सत्य घटना दिखाई गयी। ऐसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य जो भारत को श्रेष्ठ बनाने की दिशा मे हुए हैं उसकी चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम को देश भर मे हर गाँव हर बूथ पर सुना गया। इसी तर्ज पर धमतरी विधानसभा के बूथ क्रमांक 6 ग्राम कुर्रा के गणमान्य नागरिक बुद्धदेव साहू के निवास मे ग्रामवासियों ने साथ बैठकर मन की बात का सीधा प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर धमतरी जिला भाजपा के महामंत्री कविन्द्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित ग्रामवासियों में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री अमन राव, परमेश्वर साहू, प्रभूराम साहू, खम्हन लाल, रिखम राव, बुध्ददेव साहू,ओमप्रकाश साहू,अर्जुन साहू, नरोत्तम साहू,यादो राम,यशवंत साहू,सुकलाल साहू, हेमचंद, भीखम साहू,भागवत साहू, नरेन्द्र साहू आदि रहे।

### मां कल्याणी मंदिर नवरात्र पर्व, संगी जंहुरिया कला दल ने समां बांधा

**रायपुर।** मां कल्याणी शीतला मंदिर, मरोदा, रिसाली भिलाई में चल रहे वासंती चैत्र नवरात्रि महापर्व में चौथे दिन प्रतिदिन धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुति के अंतर्गत संगी-जंहुरिया फग झांकी परिवार, (छिपली, मगरलोड, धमतरी) की रंगारंग प्रस्तुति हुई। कृष्ण जन्म कथा-प्रसंग पर आधारित आकर्षक झांकी के शानदार प्रदर्शन का आनंद-लाभ उपस्थित दर्शकों ने लिया।

परंपरानुसार इस दिन के अतिथि बी. जे. पी. जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा प्रभारी गौरीशंकर श्रीवास, जागरूक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, एवम जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, महिला मोर्चा बी. जे. पी. जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पूर्व भाजपा रिसाली मंडल अध्यक्ष मोहन देवांगन थे। उनके द्वारा संगी-जंहुरिया कला दल प्रमुख पुष्कर साहू का सम्मान किया गया। महाआरती के पश्चात अंचल की प्रमुख सेवा भजन मंडलियों ने माता जस गायन किया। प्रमुख रूप से आयोजन समिति अध्यक्ष अरुण वर्मा सहित, चोवाराम निषाद, पूर्व पार्षद राजकुमार देशमुख, शंभू पटेल, रमेश वर्मा, विमलदास मानिकपुरी, कोमल साहू राधे, तेजराम साहू, संतोष यादव, अंजुलाल देशमुख, संस्कृति वर्मा, मुकेश यादव, दिनेश परमार, काशीकांत महाजन, दद्दू सिंह ठाकुर, राजकुमार यादव, शरद बिस्वाल आदि उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम संचालन समिति सचिव एवं रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे शैली ने किया। आभार प्रदर्शन समिति संरक्षक पुन्नू यादव ने किया। अश्विनी बनपाल, पार्षद विधि यादव व प्रमोद साहू की विशेष भूमिका रही।

# राजनांदगांव जिले को मिली 105 करोड़ 71 हजार रूपए के विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव जिले के विकासखंड मुख्यालय छुरिया के हाईस्कूल मैदान में कंवर महोत्सव 2023 एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा आयोजित किसान महासम्मेलन में 105 करोड़ 71 हजार रूपए की लागत के 19 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 8 करोड़ 66 लाख 39 हजार रूपए की लागत के 6 कार्यों का लोकार्पण तथा 96 करोड़ 34 लाख 32 हजार रूपए की लागत के 13 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं।**



मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना अंतर्गत 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ रूपए 56 लाख 40 हजार रूपए की सामग्री, वन अधिकार पट्टा, सामाजिक एवं अहाता निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश तथा प्रशस्ति पत्र का वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव अंतर्गत 29 लाख 93 हजार रूपए की लागत से राजनांदगांव फिश एक्वेरियम भवन सह गार्डन, लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव अंतर्गत 1 करोड़ 80 लाख 27 हजार रूपए की लागत से मोहारा ऑक्सीजन पहुंच मार्ग का निर्माण लंबाई 1.70 किलोमीटर, 1 करोड़ 75 लाख 46 हजार रूपए के ग्राम पंचायत पनेका रमेश बघेल के घर से बाईपास तक सड़क डामरीकरण कार्य लम्बाई 1.60 किलोमीटर, 2 करोड़ 47 लाख 17 हजार रूपए के गोपालपुर से गिधवा मार्ग लम्बाई 2.10 किलोमीटर में नया डामरीकरण कार्य पुल-पुलिया सहित, 4 करोड़ 20 लाख 96 हजार रूपए के सड़क चिरचारी से जोब रोड का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण का कार्य लंबाई 13 किलोमीटर, लोक निर्माण विभाग उप संभाग डोंगरगढ़ अंतर्गत 3 करोड़ 78 लाख 47 हजार रूपए की लागत से पुरैना से रूवातला पहुंच मार्ग लंबाई 3 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, 6 करोड़ 62 लाख 55 हजार रूपए के छिपा डोड़की पलान्दुर मार्ग का निर्माण लंबाई 5.20 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, 2 करोड़ 92 लाख 60 हजार रूपए के लाल बहादुर नगर से नारायणगढ़ पहुंच मार्ग लंबाई 2.90 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, 2 करोड़ 59 लाख 77 हजार रूपए के अलीवारा से टेकाहरदी मार्ग लंबाई 3 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रूपए के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला भवन लालबहादुर नगर निर्माण कार्य, 1 करोड़ 23 लाख 34 हजार रूपए के लालबहादुर नगर बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रथम तल मल्टीपर्पस हाल एवं अन्य रिनोवेशन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। अति उच्च दाब निर्माण संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड भिलाई अंतर्गत 26 करोड़ 65 लाख रूपए के प्रस्तावित 13233 केव्ही उपकेन्द्र महाराजपुर ग्राम भंडारपुर तहसील छुरिया, 35 करोड़ 22 लाख रूपए के प्रस्तावित 13233 केव्ही डीसीडीएस ठेलकाडीह (राजनांदगांव) महाराजपुर (भंडारपुर) पारेषण लाईन लंबाई 52 किलोमीटर, 2 करोड़ 27 लाख रूपए के 2 नग 132 केव्ही फीडर बे 220132 केव्ही उपकेन्द्र ठेलकाडीह में 132 केव्ही ठेलकाडीह (राजनांदगांव) महाराजपुर (भंडारपुर) पारेषण लाईन, नगर पंचायत छुरिया नगरीय प्रशासन एवं विकास अंतर्गत 3 करोड़ 28 लाख 64 हजार रूपए के अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो, विभिन्न वार्डों में रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इसी तरह लोक निर्माण विभाग उप संभाग डोंगरगांव अंतर्गत 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रूपए के डोंगरगढ़ विकासखंड के मुसरा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन एवं 75 लाख 23 हजार रूपए के डोंगरगढ़ विकासखंड के आलीवारा में शासकीय हाईस्कूल भवन, मेडिकल बोर्ड राजनांदगांव अंतर्गत 1 करोड़ 46 लाख रूपए के छुरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 2 नग 2 एफ आईप स्टाफ क्वांटर एवं 2 नग 2 जी टाईप स्टाफ क्वाटर, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगढ़ अंतर्गत 2 करोड़ 41 लाख रूपए के 3311 केव्ही बम्हनी चारभाटा उपकेन्द्र का लोकार्पण किया।

## बेरोजगारी भत्ता योजनाः बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की तैयारियां प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार एक अप्रैल से बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने जा रही है। इसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई है बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन से लेकर आवेदन के सत्यापन सबकुछ ऑनलाइन होगा। राज्य सरकार इसके लिए एक वेब पोर्टल तैयार करा रही है। युवाओं को इसी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदन का नैतिक सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद पात्र पाए गए आवेदकों के भत्ते की मंजूरी जनपद पंचायत सीईओ व नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत देंगे मंजूरी के बाद हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे आवेदकों के खाते में किया जाएगा।

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को पत्र लिखा है श्री शुक्ला ने कलेक्टरों को भेजे पत्र में आवेदन सत्यापन और भुगतान को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं। अगले हफ्ते से शुरू होगी ट्रेनिंग आवेदन के लिए एनआईसी वेब पोर्टल बना रहा है। ऑनलाइन आवेदन के बाद युवाओं को भौतिक सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। वेब पोर्टल का उपयोग करने से लेकर आवेदन भरने के लिए अगले हफ्ते से ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। अधिकतम दो साल ही मिलेगा भत्ता बेरोजगारी भत्ता पहले एक साल के लिए मंजूर होगा इस एक साल में यदि रोजगार नहीं मिला तो एक साल और भत्ता मिलेगा। किसी भी हालत में बेरोजगार भत्ता दो साल से अधिक नहीं दिया जाएगा जिनको बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा उनको कौशल विकास प्रशिक्षण ऑफर दिया जाएगा यदि ये ट्रेनिंग से इनकार करते हैं या ट्रेनिंग के बाद रोजगार स्वीकार नहीं करते है तो उनका भत्ता बंद कर दिया जाएगा। आवेदानों के भौतिक सत्यापन के लिए वार्ड, शहर और ग्रामीण स्तर पर क्लस्टर बनाया जाएगा क्लस्टर में ज्यादा भीड़ न हो, इसके लिए कलेक्टरों को पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। परिवार में एक ही व्यक्ति को मिलेगा एक परिवार में एक ही व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य को केन्द्र या राज्य सरकार की किसी भी संस्था अथवा रथनीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या ग्रुप डी को छोड़कर अन्य नौकरी होने पर आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा। स्व रोजगार या सरकार या निजी क्षेत्र में नौकरी का ऑफर यदि आवेदक स्वीकार नही करता है तो वह भत्ता के लिए अपात्र होगा बेरोजगारी भत्ता के मापदंड आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो आवेदक का आयु 01 अप्रैल को 18 से 35 वर्ष के मध्य हो।

## माता के दर्शन में हजारों की उमड़ी भीड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर माता निराई धाम में रविवार के सुबह पांच बजे से ही हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ दर्शन को लेकर जमा हो गया था। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मोहेरा के सैकड़ो फिट ऊपर विराजमान माता निराई पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी प्रसिद्धि लिए हुए जहाँ लोग अपनी मिन्नत लेकर वर्ष भर आते है और मिन्नत पूरी होने पर चैत्र नवरात के पहले रविवार को जात्रा मनाया जाता है उस अवसर पर भक्त अपनी श्रद्धा से नारियल नींबू दसमत फूल और फल चढ़ाकर अपनी आस्था प्रकट करते है ।उसी के तहत आज नवरात का रविवार रविवार होने के चपटे हजारों लोग सुबह पांच बजे से ही माता के दर्शन और प्रसाद चढ़ाने माता के स्थान में जुटे दिखे।

देश के अन्य मंदिरों में जहां दिन भर माता रानी के दर्शन होते हैं,वहीं यहां सुबह 4 से 9 बजे तक यानी केवल 5 घंटे ही माता के दर्शन किए जा सकते हैं ।केवल 5 घंटे के लिए खुलने वाले मंदिर में दर्शन करने हर साल हजारों लोग पहुंचते हैं। इस देवी मंदिर की विशेषता यह है कि यहां हर साल चैत्र नवरात्र के दौरान स्वत: ही ज्योति प्रज्वलित होती है। इस दैवीय चमत्कार की वजह से लोग देवी के प्रति अपार श्रद्धा रखते हैं। बिना तेल और घी के जलता है इस मंदिर में ज्योत



निराई माता का मंदिर जहाँ स्वयं प्रज्जवलित होती है। ज्योत निराई माता का मंदिर जिसकी खासियत यह है कि हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान देवी स्थल पहाड़ियों में अपने आप से ज्योत प्रज्वल्लित होती है ।ज्योत कैसे प्रज्वल्लित होती है,यह आज तक एक रहस्य बना हुआ है.अपने आप प्रज्जवलित होने वाली ज्योत को लेकर लोगों की मान्यता है कि यह सब निराई देवी का ही चमत्कार है इसलिए चैत्र नवरात्रि में पूरे नौ दिन तक बिना तेल के ही ज्योत जलती रहती है ।यह एक प्राचीन मंदिर है निरई माता मंदिर।

यह मंदिर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित है ।जिला मुख्यालय से 12 कि.मी. दूर सोढूल,पैरी नदी के तट पर बसे ग्राम पंचायत मोहेरा के आश्रित ग्राम निरई की पहाड़ी पर विराजमान निरई माता श्रद्धालुओं एवं भक्तों का आकर्षण का केंद्र है। यह मंदिर देवी भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र है।

## खेल अकादमी बिलासपुर की बालिका ने जीता गोल्ड मेडल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्य में स्थापित विभिन्न खेल अकादमी में खिलाड़ियों को मुहैया कराए जा रहे सुविधाओं का असर अब दिखने लगा है, इसी का परिणाम है कि, भारतीय खेल प्राधिकरण एवं प्रदेश आरचरी एसोसिएशन द्वारा जिला रायपुर में महिलाओं के लिए आयोजित दस का दम तीरंदाजी प्रतियोगिता में खेल अकादमी बिलासपुर की तुलेश्वरी खुसरो ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।**



खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दस का दम तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिलासपुर के ग्राम शिवतराई में संचालित तीरंदाजी प्रशिक्षण उपकेन्द्र की खिलाड़ी कु. तुलेश्वरी खुसरो ने इंडियन राऊण्ड में 656 अंक प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा संचालित राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र (खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) बिलासपुर की खिलाड़ी कु. दिव्या यादव ने 647 अंक प्राप्त करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

तीरंदाजी प्रशिक्षण उपकेन्द्र शिवतराई की खिलाड़ी कु. तुलेश्वरी खुसरो, ईतवारी राज से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं एवं राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र (खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) की खिलाड़ी कु. दिव्या यादव, श्री निलेश गुप्ता से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग प्रदेश में निरंतर खेलों को बढ़ावा दे रही है, जिस हेतु विभाग द्वारा राज्य में खेल अकादमी प्रारंभ किये जा रहे हैं, जहाँ खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर की सुविधाओं के साथ गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा स्व. बी. आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र को खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्वीकृत किया गया है। जिसके तहत हॉकी अकादमी जून 2022 एवं तीरंदाजी व एथलेटिक अकादमी नवम्बर 2022 से प्रारंभ हुई इन अकादमियों में खिलाड़ियों को नि:शुल्क आवासीय व्यवस्था के साथ राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे एक वर्ष से भी कम समय में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित किये हैं तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया है। इनमें अमित कुमार, एथलेटिक 33वीं वेस्ट ज़ोन एथलेटिक चौंपियनशिप रायपुर, वॉक रेस 10 कि.मी. स्वर्ण पदक, अंकित अहलावत, एथलेटिक, राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक मीट, आंध्रप्रदेश, डिस्कस थ्रो, कांस्य पदक, अर्जुन कोवाची, 3री एकलव्य आवासीय विद्यालय नेशनल स्पोर्ट्स मीट, आंर्ध्रदेश, 1500 मी. रेस, स्वर्ण पदक, गितेश यादव, 4थी खेलो इंडिया ईस्ट जोन आरचरी चौंपियनशिप, कोलकाता, इंडियन राऊण्ड, रजत पदक, अमित कुमार, राष्ट्रीय एथलेटिक चौंपियनशिप, बैंगलोर, वॉक रेस, कांस्य पदक के साथ एशियन चौंपियनशिप हेतु क्वालीफाई, आदित्य कुमार, जूनियर इंडिया कैंप हेतु चयनित।

राज्य शासन द्वारा ग्राम शिवतराई, जिला बिलासपुर में तीरंदाजी प्रशिक्षण उपकेन्द्र स्वीकृत किया गया है, जिसे खेलो इंडिया लघु केन्द्र के रूप में भी चिन्हित किया गया है। प्रशिक्षण उपकेन्द्र प्रारंभ होने से खिलाड़ियों को डाईटमनी के साथ ही इंडियन एवं रिकर्व बो प्रदाय कर नि:शुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। अकादमी प्रारंभ होने के 1 वर्ष के भीतर खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित किया है। इनमें कुबेर सिंह जगत, 4थी खेलो इंडिया ईस्ट जोन आरचरी चौंपियनशिप, कोलकाता, इंडियन राऊण्ड, स्वर्ण पदक, विकास कुमार, 42वीं एन.टी.पी.सी. जूनियर नेशनल आरचरी चौंपियनशिप गोआ, इंडियन राऊण्ड, रजत पदक, अजय कुमार 42वीं एन.टी.पी.सी. जूनियर नेशनल आरचरी चैंपियनशिप गोआ, इंडियन राऊण्ड, रजत पदक, हेमंत, देवेन्द्र कुमार, तुलेश्वरी, सुलोचना, आकाश राज आदि ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : साजा में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह, 20 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज जिला प्रशासन के सहयोग एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना बेमेतरा के तत्वाधान में जिले के साजा विकासखंड के अम्बेडकर भवन में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम रीति अनुसार भवन में पूजा एवं बारात निकालकर गाजे-बाजे के साथ बड़े ही उल्लास के साथ हुआ तथा सम्पूर्ण वैवाहिक कार्यक्रम संस्कृति के अनुरुप संपन्न हुआ।

जिसमे विभिन्न समाज के 20 जोड़ों ने शादी कर अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिन्होंने सर्वप्रथम बारी-बारी से सभी विवाहित जोड़े के पास जाकर आर्शीवाद एवं उपहार भेंट की तथा उनके मंगलमय जीवन की शुभाकामनाएं दी। विवाह हेतु दूल्हे का साफा राखी गौठान में केला तना के रेशे से



बनाया गया था। विवाह स्थल पर वैवाहिक जोड़ों के लिए सेल्फिजोन भी बनाया गया था। इस अवसर पर कलेक्टर बेमेतरा श्री पदुम सिंह एल्मा, अनुविभागीय अधिकारी रा. साजा विश्वास राव मस्के, जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.डी. पटेल, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि बंशी पटेल, नगर पंचायत साजा अध्यक्ष श्रीमती शालिनी मनोज जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष साजा श्री दिनेश वर्मा, स्वास्थ्य महिला बाल विकास स्थाई समिति जनपद पंचायत साजा की सभा पति श्रीमती माधुरी साहू सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने जिला प्रशासन के सहयोग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्हे बधाई एवं शुभाकामनाएं दी तथा कार्यक्रम में आए हुए दोनो पक्षों के परिवारों को भी शुभकामनाएं दी।

उन्होने कहा कि इस योजना के तहत पहले 25 हजार रुपये की सहयोग राशि का प्रावधान था जिसे बढ़ाकर अभी 50 हजार कर दिया गया है इसी तरह किसानों हित में प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 क्विंटल प्रति एकड़ से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ कर दिया गया है। उन्होने नव विवाहित जोड़ों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि आप सभी वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं।

इस योजना का उद्देश्य कन्या के विवाह में होने वाली हार्थिक कठिनाईयों का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाले फिज़ुलखर्चे को रोकना एवं सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है। जिससे उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार हो तथा विवाह में दहेज की लेनदेन की रोकथाम हो सके। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, बालविकास परियोजना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।
















## खास-खबर



### गर्ल फ्रेंड के मोबाइल का सीडीआर निकाल कर रहा था ब्लैकमेल, एसपी ने किया लाइन अटैच

**भिलाई।** दुर्ग एसपी ने छावनी थाने में पदस्थ सिपाही श्याम सिंह को निजता के मौलिक अधिकार का हनन करने के मामले में लाइन अटैच कर दिया है। एसपी ने मामले में विभागीय जांच का भी आदेश दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार छावनी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक आनंद तिवारी ने सिपाही श्याम सिंह के साथ मिलकर जुआ के खिलाफ कार्रवाई की थी। उसमें उन्हें 5 मोबाइल फोन मिले थे। ये नंबर कहीं ऑनलाइन सट्टा से जुड़े न हों, इसकी जांच के लिए उच्च अधिकारी ने उनका सीडीआर निकालने के लिए कहा था। श्याम सिंह ने पांच की जगह 6 नंबर का सीडीआर निकालने का आवेदन बनाया। इसके बाद उस पत्र में एएसआई का साइन करवाकर साइबर को मेल कर दिया। साइबर सेल ने 6 नंबर का सीडीआर निकालकर छावनी थाने में मेल कर दिया। इसके बाद श्याम सिंह ने मेल में जाकर अपनी परिचित महिला मित्र के नंबर का सीडीआर डाउनलोड करके उसकी पीडीएफ कॉपी अपने पास रख ली। इसके बाद उसने साइबर सेल से उस नंबर का सीडीआर निकलवाकर उसकी पीडीएफ कॉपी उसे भेजकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की है। इतना ही नहीं सीडीआर की कॉपी को उसने युवती के कुछ परिचितों को भेज दिया था। जब इसकी जानकारी युवती को हुई तो उसने श्याम सिंह के घर जाकर जमकर खरी खोटी सुनाई और इसकी शिकायत पद्मनाभपुर थाने में की। वहां से उसे मोहन नगर थाने भेजा गया। जब युवती की शिकायत दर्ज नहीं हुई तो उसने इसकी शिकायत दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव से की। प्रभात कुमार की निगरानी में एक हफ्ते के अंदर पूरी रिपोर्ट एसपी को सौंपी, जिसके बाद सिपाही को लाइन अटैच करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

### नकली इंजन ऑयल बेचने वाला व्यापारी गिरफ्तार



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में नकली इंजन ऑयल बेचने वाले व्यापारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। व्यापारी की दुकान में रेड मारकर नकली माल भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के नकली इंजन ऑयल की बिक्री करता था। शिकायत मिलने के बाद मौदहापारा थाना की पुलिस ने ये कार्रवाई की है। पुलिस को संजय जादवानी ने बताया कि वह हीरो मोटोकॉर्प कंपनी का रजिस्टर्ड डिस्ट्रीब्यूटर है। उसने 24 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई की शदाणी दरबार स्थित शिव शक्ति लुब्रिकेन्ट्स का मालिक रोहित पिंजानी हीरो कंपनी के नकली ऑयल बेचता है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के दुकान की जांच की तो ऑयल के नकली होने की शिकायत सही निकली। जिसके बाद पुलिस ने दुकान में पड़े 280 बोतल हीरो मोटोकॉर्प का नकली इंजन ऑयल 4 टी प्लस को जब्त कर लिया है। इसकी कीमत कीमत लगभग 53,200 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने व्यापारी के खिलाफअपराध दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। 2 दिन पहले ही एक और व्यक्ति को कैंट ऋ्ह के नकली पार्ट्स को बेचने के आरोप में गंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी वाटर फिल्टर के कैंट आरो कंपनी के नकली प्रोडक्ट को लोगों को असली बताकर दुकान में बेचा करता था।

# बड़ा हादसा : 11 केवी तार के संपर्क में आया मिक्सर मशीन, तीन मजदूरों की मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में रविवार शाम को बड़ा हादसा हो गया है। यहां के बाराद्वार थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण में लगी मिक्कर मशीन 11 केवी तार की चपेट में आ गया। इसे ले जा रहे 5 मजदूर करंट लगने से झुलस गए। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दो मजदूरों का इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम खम्हरिया में पंचायत द्वारा सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा था। रविवार को काम खत्म करने के बाद मजदूर मिक्सर लिफ्ट मशीन को धकेलते हुए ले जा रहे थे। इसबीच मिक्सर मशीन का ऊपरी हिस्सा 11 केवी तार की चपेट में आ गया। इससे मिक्कर मशीन को धक्का लगा रहे राजकुमार सेवक, प्रेमलाल महिलांगे, अजय सिंह सिदार, नागेन्द्र सिंह व परउ राम झुलस गए। सभी को अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इस बीच राजकुमार सेवक (28), प्रेमलाल महिलांगे (20) व अजय सिंह सिदार (22) की मौत हो गई हैं।

बताया जा रहा है कि मृतक अजय सिंह सिदार की सगाई हो चुकी थी। उसकी शादी 4 अप्रैल को भोथिया में हुई थी, इधर परिवार के लोग अजय सिंह की शादी की तैयारी में जुटे थे। परिवार सहित पूरे गांव में उसके शादी का कार्ड भी बट चुका था, लेकिन इसी बीच अचानक करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। इसी तरह मृतक प्रेम लाल महिलांगे की 26 मार्च को सगाई थी, लेकिन हादसे में दोनों युवक शादी के पहले ही मौत हो गई।

### बालोद में हादसा : निर्माणाधीन मकान के तीसरे मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत, एक की हालत गंभीर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में निर्माणाधीन मकान के तीसरे मंजिल से नीचे गिरने एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां से उसे दूसरे अस्पताल रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

बताया जा रहा है कि बालोद शहर के रामदेव चौक पर एक निर्माणाधीन मकान में लिफ्ट का काम करने के दौरान 2 मजदूर राजू पटेल और महेंद्र यादव नीचे गिर गए। जिससे मजदूर राजू पटेल की मौत हो गई है। वहीं महेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल है, जिसे हाई सेंटर में रेफर करने की तैयारी



चल रही है। पूरा मामला बालोद थाना क्षेत्र के अंतर्गत का है। बताया यह भी जा रहा है कि निर्माणाधीन मकान में मकान मालिक द्वारा बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से काम करवाया जा रहा था।

# बच्चों के विवाद में गर्भवती महिला पर हमला, नवजात की मौत, फरार आरोपी गिरफ्तार

■ साल भर पुराने मामले में गरिफ्तार हुआ आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में प्रेग्नेंट महिला की लात-घूंसों से पिटाई व नवजात की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बच्चों से हुए विवाद के दौरान पड़ोसियों ने गर्भवती महिला के पेट पर लात-घूंसों से हमला कर दिया था, जिससे उसके नवजात की मौत हो गई थी। घटना एक साल पहले की है। हमले के बाद से आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने रायपुर में दबिश देकर पकड़ा है। मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का है।

ग्राम संबलपुरी निवासी रामेश्वरी चतुर्वेदी (26) पति रविशंकर गर्भवती थी। 28 अप्रैल 2022 को उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह देर शाम अपने घर के बाहर खड़ी थी। उसी समय पड़ोस में रहने वाले नोहर प्रसाद, साहेबदास डहरिया व इनके दो बहनों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके बच्चे के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान महिला ने बच्चे की पिटाई करने से मना किया, तो उन्होंने मिलकर गर्भवती महिला पर हाथ-मुक्के व लात-घूंसो से हमला कर दिया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले में धारा 294, 323, 34, 506 के तहत केस दर्ज किया था।

महिला ने बाद में पुलिस को पुलिस को बताया कि मारपीट की इस घटना के बाद उसके नवजात बच्चे की पेट में मौत हो गई, जिसके कारण उसे गर्भपात कराना पड़ा। महिला के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने इस केस में आरोपियों के खिलाफ धारा 316 जोड़कर कार्रवाई की। पुलिस ने दो आरोपी महिला सुनीता और नोहर को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दो आरोपी फरार थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी, तभी पता चला कि साहेबदास उर्फ राजा डहरिया और नोहर प्रसाद डहरिया रायपुर में है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर बिलासपुर लेकर आ गई।

# अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई, महावीर डेवलपर्स के खिलाफ आईएएस ने दर्ज कराई एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** एसडीएम लक्ष्मण तिवारी ने अवैध प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बिना नियम के दो बड़े भूखंडों पर अवैध प्लॉटिंग करने के मामले की जांच की। जांच में दोषी पाए जाने पर महावीर डेवलपर्स के संचालक योगेश पाण्डेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

एसडीएम तिवारी ने बताया कि दुर्ग कलेक्टर के निर्देश पर जिले में जितने भी लोग अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं उन्हें चेतावनी दी गई थी वो अपना काम बंद कर दें। इसके बाद कई लोग अवैध प्लाटिंग का काम कर रहे थे। उन्हें शिकायत मिली थी कि ग्राम जेवरा निवासी राम अवतार सहित अन्य पांच लोगों द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जेवरा सिरसा क्षेत्र में निरीक्षण करने पर पाया गया कि यहां 40-50 एकड़ भूमि में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जांच करने पर पता चला कि यह प्लाटिंग किसानों को गुमराह करके की जा रही है। इस कार्य में महावीर डेवलपर्स के संचालक योगेश पाण्डे, दलवीर सिंह व मानसिंग चौधरी, शमशेर खान, रहीम खान की संलिप्तता पाई गई। सभी मामलों की जांच चल रही है। दोष सिद्ध होने उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि उन्होंने जब मौके पर जाकर जांच की तो पता चला कि दुर्ग जिला व तहसील अंतर्गत ग्राम जेवरा पटवारी हल्का नंबर 7 में स्थित भूमि खसरा नंबर 496/1 की 0.7263 हेक्टेयर भूमि राम अवतार पिता जगनाथ सहित पांच के नाम पर दर्ज है। वहीं खसरा नंबर 156 की 0.530 हेक्टेयर भूमि मोहन पिता चंद्रिका सहित अन्य 02 के नाम पर और खसरा नंबर 151/1 की 0.410 हेक्टेयर जमीन श्रीराम पिता गोवर्धन सहित अन्य दो के नाम पर दर्ज है। इन दोनों भूखंडों में महावीर डेवलपर्स द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसे लेकर एसडीएम ने महावीर डेवलपर्स के संचालक योगेश पाण्डे के खिलाफ एफ़आई.आर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम तिवारी ने बताया की उनके पास कई ऐसी शिकायतें आयी हैं। शिकायतों की जांच में पता चला कि योगेश पाण्डे किसानों को गुमराह कर अवैध प्लाटिंग का काम कर रहा है। इसी प्रकार दलवीर सिंह व मानसिंग चौधरी, शमशेर खान, रहिम खान द्वारा अवैध प्लाटिंग की शिकायत भी प्राप्त हुई है। इन सभी के खिलाफ कभी भी कार्रवाई की जा सकती है।

## युवक से अप्राकृतिक संबंध बनाया, नौकरी का झांसा देकर कमरे में बनाया बंधक, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में एक युवक से अप्राकृतिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी उसे बहाने से होटल ले गया था। वहां उसने युवक को नौकरी लगवाने का झांसा भी दिया। उससे पैसे भी ले लिए। बाद में उसे पूरी रात कमरे में बंधक बनाए रखा। फिर खुद उसे छोड़ने गया। तब जाकर पूरा मामला सामने आया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

उत्तर प्रदेश के बभनी इलाके का रहने वाला युवक शुक्रवार को किसी काम से अंबिकापुर आया था। वहां वो प्रतिक्षा बस स्टैंड में बैठकर वापस बभनी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान ग्वालियर निवासी ओमप्रकाश गुप्ता वहां पहुंचा। ओमप्रकाश ने पहले तो पीड़ित से बात की। फिर कहा कि यहां बैठकर तुम्हें बस नहीं मिलेगी। चलो पुराने बस स्टैंड चलते हैं। वहां से तुम्हें आसानी से बस मिल जाएगी। इसके बाद आरोपी उसे अपने साथ पुराना बस स्टैंड ले गया।

पुराने बस स्टैंड पहुंचकर भी दोनों ने इंतजार किया, लेकिन बस नहीं मिली। जिसके बाद आरोपी ने कहा- बस अभी नहीं आएगी। मैं पास के होटल में ठहरा हूं। वहां चलकर आराम करेंगे। ये कहते हुए आरोपी उसे होटल ले गया। आरोपी ने उससे कहा कि मैं तुम्हारी अच्छी नौकरी लगवा दूंगा। मेरी अच्छी पहचान है। मगर उसके लिए एक लाख रुपए लगेंगे। इस पर पीड़ित ने पैसे देने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने कहा कि मैं ऐसे एक बार में पैसे तो नहीं दे पाऊंगा।

इसके बाद आरोपी ने उससे किसी तरह से जबरदस्ती 4 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। फिर युवक से होटल के कमरे में ही अप्राकृतिक संबंध बनाया। युवक ने काफी इनकार किया। मगर आरोपी नहीं माना। उसने संबंध बनाने के बाद युवक को बेड से बांध दिया था। पूरी रात उसे वैसे ही रखा। अगले दिन खुद ले जाकर उसने पीड़ित को बस स्टैंड में छोड़ दिया। जिसके बाद पीड़ित ने अपने परिजनों को जानकारी दी। जानकारी मिलने पर परिजन भी अंबिकापुर पहुंच गए। फिर इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश की और उसे होटल के पास से ही गिरफ्तार किया है।

## काम पर निकले मजदूर ने बच्ची के सामने लगाई फांसी, पत्नी के छोड़कर जाने से था परेशान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में एक पिता ने अपनी बच्ची के सामने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वो काम करने के बहाने बच्ची को लेकर घर से निकला था। इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली है। इस मामला का पता तब चला पाया है, जब बच्ची पिता को फंदे पर लटका देखकर रोने लगी। मामला बतौली थाना क्षेत्र का है।

मूल रूप से जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के सामरबार का रहने वाला रामदेव कोरवा(30) घर का खर्चा चलाने के लिए रोजी मजदूरी करता था। बताया गया है कि उसकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पहले पत्नी से ही उसे 5 साल की बेटी है। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने दूसरी महिला से शादी की थी। मगर दूसरी पत्नी कुछ दिन पहले उसे छोड़कर चले गई थी। इसी बात से वह परेशान रहता था।

जानकारी मिली है कि 23 मार्च को रामदेव अपनी बेटी को लेकर घर से निकला था। उसने अपने परिजनों को बताया था कि वह काम करने जा रहा है। इसके बाद वह रविवार शाम को सरगुजा के बतौली इलाके में पहुंचा। वहां एक कॉलेज के पीछे, एक पेड़ के सामने बच्ची को बिठाया। फिर उसके सामने ही पेड़ पर फंदा बनाकर झूल गया।

उधर, बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। फिर पुलिस को भी इस बात की सूचना दी गई। खबर मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। उस दौरान भी बच्ची रो रही थी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी थी। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल मामले में जांच जारी है। परिजनों से भी पूछताछ जारी है।

# शादी डाट कॉम में नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी, पुलिस गिरफ्त में आए दो गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज






**जांजगीर - चांपा ।** शादी कंपनी में नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से नया बैंक खाता खुलवाकर उसका गलत उपयोग कर धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपितों से बैंक खाते, लैपटाप, एटीएम कार्ड भी जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिस्दा निवासी प्रार्थी रामचरण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मिस्दा के क्रांति कुमार कश्यप 9 दिसंबर 2022 को उसके घर आया और शादी डॉट काम में नौकरी लगाने की बात कही और इसके लिए 5 हजार रूपए लगने की बात कही। साथ ही बैंक में एक खाता खुलवाने की बात कही। रामचरण क्रांति कुमार को 5 हजार रूपए दे दिया तो वह रामचरण और सोमनाथ साहू को अपने साथ जमशेदपुर झारखंड ले गया और इंडस इंड बैंक और दो अन्य बैंक में उनका खाता खुलवाया। बैंक केपासबुक व अन्य दस्तावेज को क्रांति कुमार अपने पास रख लिया और दो-तीन दिन बाद दोनों को वापस भेज दिया। प्रार्थी के मोबाइल नंबर में बैंक से मैसेज आने पर उसको पता चला कि उसके खाते में रकम लेन-देन हो रहा है।

तब उसने क्रान्ति कुमार से पैसे के बारे मे पूछा तो क्रांति कुमार ने कहा कि मैसेज आना बंद हो जाएगा। प्रार्थी को लगा कि उसके नाम के खाता का गलत उपयोग हो रहा है तो उसने अपने खाते को बंद करा दिया। उस समय उसके खाते में करीब 5 लाख 21 हजार रुपए आ गए। उसके बाद क्रांति कुमार, योगेश्वर एवं 1 अन्य व्यक्ति रामचरण यादव के पास आए और खाते के पैसे को उससे वापस मांगे। उसने पैसे क्रांति कुमार को लौटा दिया। कुछ दिन बाद वे तीनों व्यक्ति फिर उसके पास आए और पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। रामचरण यादव की रिपोर्टपर पुलिस ने ग्राम मिस्दा निवासी क्रांति कुमार कश्यप और कुरियारी निवासी योगेश्वर सांवरा के विरूद्ध भादवि की धारा 384,420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles

Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान

निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता


कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# 213 वार्डों और 7 गांव से संग्रहित 92 क्विंटल अन्न से बनेगा श्रीरामनवमी का महाप्रसाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति, भिलाई द्वारा निरंतर 38वें वर्ष, 30 मार्च को श्रीरामनवमी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा इस वर्ष इस भव्य आयोजन में भिलाईवासियों की सहभागिता के लिए एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत हर घर से महाप्रसाद के लिए अन्न संग्रहण किया जा रहा है। श्रीरामनवमी कार्यक्रम में इस बार श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम मंदिर की भव्य लाइव पेंटिंग एवं डीजे भजन संध्या मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे।



श्रीराम जन्मोत्सव समिति के संरक्षक एवं प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1986 में श्रीराम मंदिर निर्माण आंदोलन से प्रेरित होकर खुर्सीपार एचएससीएल कालोनी के एक मंदिर से ध्वजयात्रा निकालकर इसकी शुरूआत की गई थी। विगत 38 वर्षों में यह आयोजन आज मध्य भारत का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बन चुका है, जिसमें अब लगभग 1150 से अधिक मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होते हैं।

समिति को वर्ष 2018 में इस उपलब्धि के लिए गोल्डन बुक ऑफरिकाड्र्स में स्थान मिल चुका है। श्री पाण्डेय ने बताया कि हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि जिस श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर 500 वर्षों से अधिक समय से संघर्ष चल रहा था, आज उसे वह बनता हुआ देख रहे हैं। श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही समिति का भी वह स्वप्न साकार हुआ, जिसके लिए इसकी नींव रखी गई थी। इस वर्ष का यह आयोजन निश्चित तौर पर हम सभी के लिए विशेष हैं और इस अवसर पर प्रत्येक भिलाईवासी की इसमें सहभागिता सुनिश्चित करने एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है।

श्री पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान में विगत 16 मार्च से अब तक जिले के विभिन्न निकाय क्षेत्रों के 213 वार्डों एवं 7 गांव से अन्न संग्रहण किया जा चुका है, जिसमें अब तक 92 क्विंटल से अधिक अन्न संग्रहित किया जा चुका है। इस अन्न से श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर महाप्रसाद बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में भिलाईवासियों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ सहभागिता दी है, वह अभूतपूर्व है। इस वर्ष कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र लाइव पेंटिंग होगी, जिसमें अंचल के सुप्रसिद्ध कलाकार प्रमोद साहू, लाइव पेंटिंग के माध्यम से श्रीराम मंदिर का सजीव चित्रण मंच पर करेंगे।

30 मार्च को होने वाले मध्य भारत के इस सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। आयोजन संबंधी सारी तैयारियों के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया था। वहीं समिति के मुख्य शाखा, महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा लगातार अपने - अपने प्रखण्डों में आमजनों को इस आयोजन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस वर्ष सभी 12 प्रखण्डों से शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए रूट का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है। यह सभी शोभायात्रा तय रूट से होते हुए रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचेंगी।

पत्रकारवार्ता के दौरान मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर, जिलाध्यक्ष सेवकराम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिला महामंत्री जोगिंदर शर्मा, युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र आदि उपस्थित थे।

## खास - खबर

### हर कांग्रेस महिला अध्यक्ष ने किया राजीव भवन में महिला सम्मान



**दुर्ग।** शहर महिला कांग्रेस ने राजीव भवन में महिला सम्मान  शहर में महिला सम्मान सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम जिसमें बड़ी की संख्या में महिलाएं उपस्थित थे यहाँ शहर महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती कन्या ढीमर के नेतत्व में सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अरुण वोरा,पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू,महापौर धीरज  बाकलीवाल,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गया पटेल सभापति राजेश यादव  छत्तीसगढ़ राज्य वित्त विकास निगम उपाध्यक्ष सुश्री नीता लोधी,प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया समन्वयक श्रीमती सुधा सरोज,श्रीमती मंजु वोरा, पुलिस जवाबदेही प्राधिकार सदस्य श्रीमती रामकली यादव, एल्डरमैन रत्ना नारमदेव के अलावा समस्त महिला पार्षद गण महिला कांग्रेस के  सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता गण एव सभी कांग्रेस जन मौजूद रहें। महिला सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभा को संबोधित ने कहा कि महिलाए जन्म से लेकर अपने जीवनभर बेटी बहन पत्नि बहू मां जैसे सारे किरदारो को बखूबी निभाती है। समाज व देश का गौरव बढाने मे भी महिलाओ का बढ़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी बहने सिर्फ घर ही नहीं संभालती, सिर्फ परिवार का पालन-पोषण ही नहीं करती, बल्कि वह समाज और संस्कृति की रक्षा भी कर सकती है।

### शहर के चौक चौराहों व तालाबों के आस पास से निरन्तर कचरे का हो रहा उठाव

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के सड़कों के किनारे,चौक चौराहों,गली मोहल्ले,तालाबो के आस पास से झिल्ली, पन्नी के कचरे का उठाव प्रतिदिन किया जा रहा है। नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन प्लास्टिक सहित अन्य कचरों का उठाव कर रहे है,जिससे रहवासियों द्वारा फ़ीडबैक अच्छा दे रहे है। मोर शहर मोर जिम्मेदारी व फाइट द बाइट के तहत निगम प्रशासन शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में जुटा हुआ है,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में स्वच्छता टीम बनाकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।शहर के 60 वार्डो के क्षेत्र में वार्ड वार कचरे का सफाया करने लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के सड़कों के किनारे बिखरे हुए झिल्ली,पन्नी के कचरे का उठाव किया जा रहा है। बता दे कि बिखरे हुए सड़को पर पड़े झिल्ली, पन्नी का कचरा नालियों में जाने के कारण पानी निकासी में अवरोध उत्पन्न होता है,जिससे नाली सफाई करने में तकलीफ होती है।

### फोटो युक्त निर्वाचक नामवली तैयार करने समय सारणी जारी

**दुर्ग।** नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2023 के लिए फोटो  युक्त निर्वाचक निर्वाचक नामवली तैयार की जानी है। निर्वाचक नामवली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावा-आपत्तियां तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामवली उपलब्ध 10 अप्रैल से प्राप्त की जावेगी। दावा आपत्तियां 17 अप्रैल तक प्राप्त की जावेगी। दावा आपत्तियों का निपटारा 22 अप्रैल किया जावेगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 27 अप्रैल तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति का निराकरण 3 मई को किया जावेगा। दावा आपत्ति के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर किया जाएगा। निर्वाचक नामवली का अंतिम प्रकाशन 8 मई को किया जाएगा।

# सस्ता चारा और नस्ल संवर्धन के साथ गोधन न्याय जैसी योजनाओं से पशुधन समृद्ध होगाः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग जिले के अंजोरा में आयोजित दाऊ वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा अनावरण एवं दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पशुओं के लिए सस्ता चारा उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किये गये तकनीकी प्रयासों की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय ने पैरा आधारित संपूर्ण आहार पैलेट का विकास किया है। यह पशुओं के लिए सुपोषित व सस्ता चारा होगा, इसके माध्यम से चारे की कीमतों में 35 प्रतिशत तक कमी आयेगी।**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में सस्ते और पोषक चारे की कमी तथा यहां का गर्मी से भरा वातावरण जिसकी वजह से उच्च नस्ल के मवेशी यहां अनुकूलित नहीं हो पाते। इसी वजह से हमने नस्ल संवर्धन का काम आरंभ किया है। साथ ही पशुधन के विकास के लिए गोधन न्याय योजना की भी शुरूआत किया है, ताकि पशुपालन पुनः लाभ का सौदा साबित हो सके। सस्ते चारे के लिए विश्वविद्यालय पैलेट जैसे प्रयोग कर रहा है। हम रीपा के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों को बढ़ावा दे रहे हैं। हर रीपा में ऐसे यूनिट बनाए जाएंगे जिसमें पशुआहार बनाने की यूनिट भी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी छत्तीसगढ़ में पशुधन को लेकर अपार संभावनाएं हैं। स्थानीय स्तर पर डेयरी उद्यम को बढ़ावा देने से हमारे यहां माँग और पूर्ति की स्थिति तेजी से बेहतर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए ही हमारा फोकस गोबर खरीदी पर रहा ताकि जैविक खेती की जा सके, गोबर पेंट बनाया जा सके और पशुधन के माध्यम से आर्थिक समृद्धि आये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वर्गीय दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में उनका कार्य मील का पत्थर रहा। डेयरी को उन्होंने आजीविका के साधन के रूप में अपनाया। उच्च नस्ल के मवेशियों का पालन किया। अविभाजित मध्यप्रदेश के दौर में उनके द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के साथ मिलकर अंजोरा में एक बड़े कृषि मेले का आयोजन किया गया और यहां से ही कृषि और पशुपालन में नई वैज्ञानिक संभावनाओं के बारे में लोगों को जानकारी मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि हमारी कोसली प्रजाति की गायें दूध कम देती हैं लेकिन उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बहुत अच्छी होती है। इनकी लगातार नस्ल वृद्धि करने से राज्य में पशुधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम होगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति श्री एनपी दक्षिणकर ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुआहार पैलेट्स बनाने के अलावा विश्वविद्यालय द्वारा बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर भी आरंभ किया गया है। इसके माध्यम से पशुपालक किसानों के लिए सस्ते दाम में चारा उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर गृह एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग विधायक अरुण वोरा, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव, लक्ष्मण चंद्राकर, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. आरके सोनवाने एवं निदेशकगण, अधिष्ठाता, प्राध्यापक, वैज्ञानिकगण एवं अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### मरणोपरांत देहदान प्रोत्साहन से जरूरतमंदों को अंग मिलेंगे, जीवनरक्षा होगी - जितेंद्र वर्मा

**दुर्ग।** माह के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम प्रसारण को दुर्ग जिला भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में जिले के प्रत्येक बूथ पर प्रवास करते हुए श्रवण किया गया। दिशा निर्देशानुसार तय बिंदुओं के आधार पर बूथ की बैठक लेते हुए बूथ समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। वार्ड क्रमांक 47 के बूथ क्रमांक 170 में बूथ कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के बीच मन की बात का श्रवण करने के पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 99 वें संस्करण में मृत्यु के पश्चात देहदान को प्रोत्साहन, महिला सशक्तिकरण के प्रतिफल एवं सोलर ऊर्जा के विकास को लेकर नए पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई। क्षेत्रों की महिलाओं के द्वारा भारत में महिला सशक्तिकरण को लेकर किए जा रहे कार्यों के परिणामस्वरूप आज देश वूमेंस अंडर-19 ट्रॉफी उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ एशिया की पहली महिला लोको पायलट के कार्यों को रेखांकित किया।

## स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए समाप्त कर रहे जीवीपी पांइट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने भिलाई निगम हर संभव प्रयासरत है। अब गली मोहल्लों में गंदगी से निजात पाने जीवीपी पाइंट को समाप्त किया जा रहा है, ताकि लोग वहां कचरा न फेंके और स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई के नारे को साकार कर सके। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर उनसे अर्थदण्ड वसूला जा रहा है। निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की प्रतियोगिता में नगर पालिक निगम भिलाई को प्रथम पायदान में लाने स्वच्छता के हर मापदंडों पर कार्य किया जा रहा है। निगम प्रशासन बाजार क्षेत्र व सड़क किनारे खाद्य सामग्री विक्रय करने वालों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने तथा गीला एवं सूखा कचरा को पृथक-पृथक रखने की हिदायत दे रहे है, ताकि भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में बेतरतीब गंदगी न फैले। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा वृहद अभियान चलाया जा रहा है। सड़क नालियों की सफाई के साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भी निर्धारित समय पर किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान में शहर के आम नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है इनसे लगातार स्वच्छता बनाए रखने अपील की जा रही है। जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिस क्षेत्र में लोग बेतरतीब तरीके से कचरो को फेंक देते थे, उन क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कचरा फेंकने वाले जीवीपी पाइंट को समाप्त कर वहां पर साफ सफाई किया जा रहा है तथा स्थल की सफाई कर चूना, ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। बावजूद इसके कोई कचरा फेंकता है तो जुर्माना लिया जाएगा। छोटे-छोटे कचरा पॉइंट को समाप्त कर स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर रखने का प्रयास किया  जा रहा है। कचरा न फेंके इसलिए आसपास के रहवासियों एवं दुकानदारों को भी अवगत कराया जा रहा है।

## एमजे स्कूल नहीं ले रहा एडमिशन फीस, साथ में गणवेश भी फ्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विगत 22 वर्षों से विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु संकल्पित एकमात्र विश्वसनीय संस्थान मां जगदम्बे एजुकेशनल सोसायटी, भिलाई द्वारा एजुकेशन हब भिलाई में एमजे स्कूल भिलाई, का भव्य शुभारम्भ पिछले 4 साल पहले हो चुका है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस संस्थान में होनहार बच्चों के भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित योग्य शिक्षकों का मार्गदर्शन सतत उपलब्ध है।




यहां पर विद्यार्थियों को प्रवेश के साथ-साथ अन्य कई सुविधाएं प्रदान की जा रही है। कक्षा नर्सरी से लेकर नौवीं तक कोई भी एडमिशन फीस नहीं लिया जा रहा है। यह देखा गया है कि अभिभावकों को स्कूल यूनिफॉर्म, कोर्सबुक और स्कूल बैग खरीदने के लिए अतिरिक्त भार पड़ता है। हम नई पहल करके यह सभी आइटम्स फ्री में दे रहे हैं और सभी अभिभावकों की मदद कर रहे हैं। इस तरह का प्रयास दुर्ग भिलाई में किसी भी संस्था द्वारा पहली बार किया जा रहा है।

अपने नए भवन में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सीबीएसई मान्यता प्राप्त एम जे स्कूल में योग्य शिक्षकों के द्वारा नियमित पढ़ाई के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करवाई जाती है। कक्षा सातवीं से ही विद्यार्थियों के रुचि और योग्यता के अनुरूप आईआईटी , मेडिकल व अन्य कोर्स के लिए एक्सपर्ट्स के द्वारा मार्गदर्शन और तैयारी कराई जाएगी। पिछले वर्ष ओलंपियाड और खेल में हमारे विद्यार्थियों का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा।

वर्तमान सत्र से स्कूल में डे बोर्डिंग सुविधा की व्यवस्था है जिससे कामकाजी अभिभावकों को कोई परेशानी ना हो। स्कूल में ही होमवर्क करा दिया जाएगा। कमजोर बच्चों के लिए विशेष रिमेडियल क्लासेस लगाई जा रही हैं । लर्न बाय फन की धारणा के अनुसार स्कूल कैंपस में ही छोटे बच्चों के लिए आकर्षक टाय रूम, टॉय ट्रेन और किड्स प्ले ग्राउंड की व्यवस्था है। सेकेंडरी क्लास विद्यार्थियों के लिए बास्केटबॉल ,एथलेटिक्स ग्राउंड, बैडमिंटन , टेबल टेनिस कोर्ट है। शीघ्र ही क्रिकेट एकेडमी की भी शुरुआत होगी जिसमें रणजी ट्रॉफी में खेलें कोच के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण एवं उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। वर्तमान आवश्यकताओ और कंपटीशन को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के चतुर्मुखी और समग्र विकास के लिए एम जे स्कूल प्रबंधन पूरी तरह से समर्पित है। हमारे यहां नई शिक्षा नीति का पूर्णतः पालन किया जा रहा है।

## सामाजिक सांस्कृतिक एवं सेवा के विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया जाएगा भगवान महावीर का 2622वां जन्म कल्याणक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग  इस वर्ष भगवान महावीर का 2622 वॉ जन्म महोत्सव 29 मार्च से 4 अप्रैल तक मनाने जा रहा है जिसमें सामाजिक सांस्कृतिक एवं सेवा के विभिन्न कार्य इन 7 दिनों में आयोजित किए जाएंगे। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष अजय श्री श्री माल महामंत्री चुन्नीलाल जैन उपाध्यक्ष संदीप लुहाडिया शशांक चोपड़ा किशोर श्री श्री माल सहमंत्री पीयूष पारख मनोज बाकलीवाल राजा कांकरिया कोषाध्यक्ष रितेश बुरड़ एवं प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी नवीन संचेती निभा रहे हैं।**



नवकार महामंत्र जाप एवं सामायिक दिवस की आराधना के साथ जन्म कल्याणक का महोत्सव का आगाज हो रहा है आयंबिल तब की आराधना प्रभात फेरी अहिंसा संदेश यात्रा वीर वाटिका जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा जैन टैलेंट शो, वीर संदेश रैली ,मेहंदी सांझी,निशुल्क चिकित्सा शिविर, जिनमें सभी प्रकार के पैथोलॉजी जांच निशुल्क किए जाएंगे तथा जैन समाज की संस्थाओं द्वारा 50% अतिरिक्त छूट के साथ जांच का लाभ लिया जा सकता है रक्तदान शिविर ,सकोरा वितरण, पिंटू स्वामी की भक्ति संध्या एक शाम वीर के नाम महा आरती ,वीर वंदना ,भक्ति गीत स्पर्धा, भव्य शोभायात्रा, फल वितरण, कृष्ण गौशाला छतागढ़ में गायों को गुड़ एवं सब्जी खिलाने का कार्यक्रम पुराना बस स्टैंड में विशाल भंडारा, कलाश्री ग्रुप सूरत के कलाकारों द्वारा भक्ति नृत्य रसथाल जैसे आयोजन इन 7 दिनों में आयोजित किए जाएंगे । भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख आयोजन के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया 29 मार्च से प्रारंभ होने वाले जन्म महोत्सव 4 अप्रैल तक पुरानी गंज मंडी गंजपारा दुर्ग में आयोजित होगा 29 अप्रैल को ऋषभदेव परिसर में नवकार महामंत्र की का अनुष्ठान एवं सामायिक एवं आयबिल   तप की आराधना होगी

भगवान महावीर के जयकारे के साथ अहिंसा संदेश यात्रा प्रतिदिन प्रातः 6:00 से 8:00 तक शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में आयोजित है 31 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में दुर्ग शहर की जैन पाठशाला के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे जिसमें नाटिका गीत संगीत के कार्यक्रम आयोजित होंगे इस कार्यक्रम के प्रभारी आदेश्वर जैन मंडल है। 1 अप्रैल को जैन समाज के प्रतिभावान बच्चों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य शांति विजय महिला मंडल के संयोजन में जैन टैलेंट शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे 2 अप्रैल को प्रातः 9:00 नसिया जी तीर्थ नदी रोड दुर्ग से वीर संदेश रैली आयोजित होगी जिसमें जैन समाज के सभी वर्ग के लोग दिगंबर श्वेतांबर सभी शामिल होंगे शहर के विभिन्न मार्गो पर भ्रमण करते हुए गंज मंडी गंजपारा दुर्ग में समापन होगा इसी दिन दोपहर को महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम मेहंदी मांझी का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पुरानी गंजमंडी प्रांगण में आयोजन हो रहा है 2 अप्रैल को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन महावीर जैन विद्यालय शिक्षक नगर दुर्ग रखा गया है जिसमें शहर के नामी ख्याति नाम चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

## घर -घर पंछियों के दाने पानी के लिये सकोरा वितरण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** जीव दया ग्रुप द्वारा इस वर्ष सकोरा वितरण का शुभारंभ राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय को दे कर किए और अपने ग्रुप के सेवा के कार्यों के बारे में जानकारी दिये ग्रुप के सदस्य मयंक बोथरा ने बताया गर्मी के दिनों में सूरज की तपन से मनुष्य ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों को भी राहत की जरूरत होती है।

शहर जीवदया ग्रुप के द्वारा सूरज की तपन बढ़ते ही पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने की सार्थक पहल की जा रही है। परोपकार के इस काम में अब कई लोग आगे बढ़ कर हाथ बंटाने लगे हैं। पक्षियों के लिए थोड़ा दाना ,थोड़ा पानी देने के सकोरा बाटने का कार्य भी इस सहयोग का अन्य लोग भी अनुसरण करने लगे हैं। गर्मी के दिनों में दाना-पानी देने की इस छोटी सी पहल का अनेक पक्षियों को अच्छा खासा लाभ मिल जाता है।साथ ही शहर में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए चलित प्याऊ घर भी चलाया जारा है जो शहर में घूम- घूम कर पानी पिलाने का कार्य कर रहा है। कांतिलाल बोथरा, उषा टावरी जी, सरोज बोथरा, सुरभि बोथरा, राहुल कोचर, अमित बाफ़ना, मिहिर कोचर, गगन बोहरा, योगेश कोचर, लाभ छाजेड मौजूद रहे॥

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950